रोहतक
सोमवार 19 अक्टूबर 2026
अश्विन मास शुक्ल पक्ष,
अष्टमी वर्ष : 30, अंक : 256
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 32.8°C
न्यून. 15.6°C

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



5 मेस्सी का फिर चला जादू, दागे शानदार 2 गोल

हीरो मना रहा है भारत की कला शैलियों का जश्न.
पेश है हिमाचल प्रदेश के **धनी राम** की **कांगड़ा कला.**

Hero

हीरो संग
त्योहार है हर कहीं...

दशहरे की शुभकामनाएँ

Destini

Splendor+ XTEC 2.0

सोने का सिक्का और बहुत कुछ जीतने का मौका पाएं@

कैश डिस्काउंट ₹2100~तक

एक्सचेंज बोनस ₹4000~तक

इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10000^तक SBI card HDFC BANK pine labs

कम डाउन पेमेंट ₹4999^से शुरू

कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹3200~तक

For bulk / institutional inquiries, please write to us at : institutionalsales@heromotocorp.com | Available in CSD

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife

Also Available on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. Cash discount, Exchange & Corporate offer are exclusive and can't be availed together ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. Offer available only on limited stores. @Limited period offer, T&C apply.

TOLL FREE
1800 266 0018

Authorised Dealers: Ambala Cantt: Haryana Motors- 9289923122; **Ambala City:** Dhruv Hero- 9289922868; **Assandh:** Sandhu Hero- 9996571157; **Bahadurgarh:** Satvik Hero- 9289922550 **Bhiwani:** Jaya Hero- 9289922056; **Ellenabad:** Ajit Hero- 9289922505; **Fatehabad:** Shri Balaji Hero- 9289922057; **Gharaunda:** Laxmi Hero- 9289922433; **Gohana:** Krishna Hero- 9289923026; **Hisar:** Chaudhary Hero- 9289922049, Vikrant Hero- 9289923082; **Jhajjar:** Pushkar Hero- 9289923147; **Jagadhari:** Khanna Hero- 9289922050; **Jind:** National Hero - 9289922061; **Kaithal:** Chaudhary Hero- 9289922062; **Karnal:** Nirmal Hero- 9289922048; **Kurukshetra:** VPS Hero- 9289922988; **Ladwa:** Khanna Hero- 9289922063; **MandiDabwali:** Karan Hero- 9289922490; **Nuh:** Sunil Hero- 9289923087; **Narnaul:** Autodeals Hero- 9289922058; **Narwana:** Narwana Hero- 9289923101; **Palwal:** DevVaahan Hero- 9289922877; **Panipat:** Kadian Hero- 9289923182, Sahib Hero- 9289922059; **Pehowa:** Saraswati Hero- 9289922393; **Panchkula:** Regent Hero- 9289923161; **Rewari:** Virendra Hero- 9289922060; **Rohtak:** Shivam Hero- 9289922047; **Sirsa:** Khanna Hero- 9289923195; **Sonipat:** Madaan Hero - 9289922865; **Yamuna Nagar:** Rohit Hero- 9289922394; **Hansi:** Sunil Motors- 9821744694.

Cheil 33547/26

खबर संक्षेप



मुख्य सचिव ने माता मनसा देवी पर माथा टेका

पंचकूला। प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने अपनी पत्नी सोनिया सहित अश्विन नवरात्र के आठवें दिन रविवार को पंचकूला के एतिहासिक माता मनसा देवी मंदिर में माथा टेककर विधिवत पूजा-अर्चना की और महामाई का आशीर्वाद लिया। इसके उपरांत मुख्य सचिव ने मंदिर परिसर स्थित यज्ञशाला में मंत्रोच्चारण के बीच हवन-यज्ञ में भाग लिया और आहुति अर्पित की। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त एवं श्री माता मनसा देवी पूजास्थल बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शविवेक आर्य , सचिव शारदा प्रजापति, एसडीओ राकेश पाहुजा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

खरीद में देरी से किसान परेशान : दुष्यंत चौटाला

चंडीगढ़ । पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने प्रदेश की मंडियों में धान खरीद में देरी, भुगतान अटकने और फसल की कीमत में कटौती को लेकर भाजपा सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के साथ प्रयोग कर रही है। मंडियों में धान की खरीद और उठान की समुचित व्यवस्था नहीं है। पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि पहले किसानों को पोर्टल संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ा और अब बेमौसमी बारिश ने उनकी परेशानी बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि धान में नमी 16 प्रतिशत होने के बावजूद खरीद नहीं की जा रही, जबकि किसानों का भुगतान भी अटका हुआ है।

40 लाख की जाली बैंक गारंटी देने वाला पकड़ा

फरीदाबाद। थाना सेक्टर-31 की पुलिस टीम ने 40 लाख रुपये की कथित जाली बैंक गारंटी देकर कंपनी से धोखाधड़ी करने के मामले में रौनक राठौर निवासी स्प्रिंग फील्ड कॉलोनी, सेक्टर-31 फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। रिमांड पूरा होने के बाद आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में नीमका जेल भेजा गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी क्वांटम रिसोर्स कंसल्टेंट्स का संचालक है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने जालंधर के जिला व्यापार मंडल को संबोधित किया

हरियाणा में निवेश बढ़ाने, उद्योगों के विस्तार और रोजगार सृजन पर सरकार का फोकस

मुख्यमंत्री ने पंजाब के व्यापारियों को हरियाणा विकास मॉडल के बारे में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंडीगढ़



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का जालंधर में जिला व्यापार मंडल और जालंधर चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज एंड कॉमर्स के प्रतिनिधियों ने स्वागत किया। इस दौरान व्यापार और औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के साथ संवाद किया। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि व्यापारियों और उद्योगपतियों के हितों का ध्यान रखना तथा उनकी समस्याओं का समाधान करना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि व्यापार और उद्योग प्रदेश की आर्थिक प्रगति के महत्वपूर्ण आधार हैं। उद्योगों के विस्तार से निवेश को बढ़ावा मिलता है, युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होते हैं और अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। सरकार का प्रयास है कि उद्यमियों को अनुकूल वातावरण मिले, ताकि वे नए निवेश और कारोबार के विस्तार के लिए प्रोत्साहित हों।

औद्योगिक विकास के लिए नई पहल

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने उद्योगों, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न नीतिगत पहल की हैं। हरियाणा की औद्योगिक नीति-2026 तथा एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन से जुड़ी पहलों का उद्देश्य निवेश आकर्षित करना, उद्यमियों को प्रोत्साहित करना और रोजगार के अवसर बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि पात्र उद्यमियों को विभिन्न योजनाओं के तहत प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराने, निवेश प्रक्रियाओं को सरल बनाने और उद्योगों के विकास के लिए बेहतर सुविधाएं देने पर जोर दिया जा रहा है। डिजिटल प्रक्रियाओं के माध्यम से पारदर्शिता सुनिश्चित करने और प्रोत्साहन राशि का समयबद्ध वितरण करने को भी प्राथमिकता दी जा रही है।

उन्होंने कहा कि हाल ही में सिंगापुर और स्वीडन के दौरे के दौरान विदेशी निवेश आकर्षित करने और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर भी किए गए।मुख्यमंत्री ने व्यापार एवं उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि सरकार उनके सुझावों को महत्व देती है और औद्योगिक विकास के लिए आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से व्यापार एवं उद्योग के क्षेत्र में नए अवसर पैदा हो रहे हैं। विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में व्यापारियों, उद्योगपतियों और उद्यमियों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

संत नामदेव की शिक्षाएं आज भी समाज को भाईचारे व सौहार्द का संदेश दे रही

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि संत शिरोमणि नामदेव महाराज की शिक्षाएं आज भी समाज को आपसी भाईचारे, प्रेम, समानता, मानवता और श्रम के सम्मान का संदेश देती हैं। संत-महापुरुष किसी एक जाति या वर्ग के नहीं होते, बल्कि वे पूरे समाज का मार्गदर्शन करते हैं। उनकी शिक्षाओं को जीवन में अपनाकर ही अच्छे समाज और मजबूत राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। मुख्यमंत्री रविवार को चंडीगढ़ के सेक्टर-21 स्थित नामदेव भवन में संत नामदेव महाराज के 756वें प्रकाशोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा भी मौजूद रहे।



मुख्यमंत्री ने नामदेव भवन के लिए 21 लाख रुपये देने की घोषणा की और हरियाणा नामदेव सभा के प्रदेशाध्यक्ष एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष सतबीर वर्मा द्वारा समाज की मांगों को लेकर सौंपे गए मांग-पत्र पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया।

जालंधर में भगवान वाल्मीकि के आश्रम में माथा टेका

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भगवान वाल्मीकि के प्रकट दिवस पर पंजाब के जालंधर शहर पहुंचे। यहां उन्होंने शक्ति नगर स्थित भगवान वाल्मीकि आश्रम में माथा टेका और जालंधर से अमृतसर स्थित श्री रामतीर्थ तक जाने वाली धार्मिक शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सीएम सैनी ने पंजाब के मानसा में हुई परविंदर सिंह झोटा की हत्या और राज्य में फैल रहे नशे के नेटवर्क को लेकर आम आदमी पार्टी की सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह सरकार झूठे वादों और चुटकुलों पर बनी थी, लेकिन सरकारें चुटकुलों से नहीं बल्कि जमीनी काम करने से चलती हैं।



जालंधर के शक्ति नगर में भगवान वाल्मीकि आश्रम में नतमस्तक होने के बाद अली पुल्ली पर आयोजित कार्यक्रम में सीएम नायब सैनी ने विशाल जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जालंधर की ऐतिहासिक धरती भगवान श्री राम के पुत्र लव की राजधानी रही है।

तीसरा सूरजकुंड दिवाली मेला 23 से, मुख्यमंत्री सैनी करेंगे शुभारंभ

चंडीगढ़। हरियाणा पर्यटन विभाग द्वारा तीसरे सूरजकुंड दिवाली मेले का आयोजन 23 से 26 अक्टूबर तक सूरजकुंड मेला परिसर, फरीदाबाद में किया जाएगा। चार दिवसीय यह मेला दिवाली के उल्लास, भारतीय कला एवं हस्तशिल्प, पारंपरिक व्यंजनों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का अनूठा संगम होगा। मेले के माध्यम से जहां लोगों को दिवाली की खरीदारी के लिए विभिन्न प्रकार के उत्पाद उपलब्ध होंगे, वहीं उन्हें परिवार के साथ मनोरंजन और भारतीय संस्कृति की समृद्ध विरासत से रूबरू होने का अवसर भी मिलेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मेले का शुभारंभ 23 अक्टूबर को करेंगे। उद्घाटन समारोह में हरियाणा के विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। वहीं, 26 अक्टूबर को आयोजित होने वाले समापन समारोह में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। मेले में लगभग 300 स्टॉल लगाई जाएंगी, जहां देश के विभिन्न क्षेत्रों के हस्तशिल्प, हथकरघा उत्पाद, पारंपरिक कलाकृतियां, घर की सजावट से संबंधित सामान और दिवाली के लिए उपयोगी वस्तुओं की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध होगी।

महाराजा अग्रसेन के सिद्धांतों पर आगे बढ़ रही सरकार : गुप्ता

पलवल। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने सामाजिक समरसता, सहयोग और समान अवसर के सिद्धांतों के माध्यम से समाज के प्रत्येक व्यक्ति एवं परिवार को सशक्त बनाने का मार्ग दिखाया। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार उन्हीं सिद्धांतों को आगे बढ़ाते हुए समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने समाज के प्रबुद्धजनों से आह्वान किया कि बेटियों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें, ताकि वे आत्मनिर्भर बनकर देश और समाज के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। शनिवार को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने राज्यमंत्री गौरव गौतम और पूर्व राज्यसभा सांसद सुभाष चंद्रा के साथ श्री वैश्य अग्रवाल सभा, पलवल द्वारा आयोजित महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह में शिरकत की तथा महाराजा अग्रसेन सेवा सदन के नए भवन का उद्घाटन किया।

सप्ताह में 46 साइबर ठग गिरफ्तार 30 लाख से ज्यादा की नकदी बरामद

■ फरीदाबाद पुलिस की बड़ी कामयाबी ■ लगभग 15 लाख की राशि बैंक खातों में फ्रीज कराई

फरीदाबाद। साइबर अपराधियों के खिलाफ फरीदाबाद पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस उपायुक्त मुख्यालय हिमाद्री कौशिक के नेतृत्व में फरीदाबाद पुलिस के तीनों साइबर थानों की टीमों ने 10 अक्टूबर से 16 अक्टूबर के बीच एक सप्ताह के दौरान प्रभावी कार्रवाई करते हुए 46 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान आरोपियों से 3082,999 की राशि बरामद की गई है, जबकि साइबर ठगी से संबंधित शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए 14,83,131 की राशि विभिन्न बैंक खातों में फ्रीज कराई गई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि तीनों साइबर थानों की टीमों ने कुल 11 मामलों में 46 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनमें साइबर थाना एनआईटी के दो, साइबर थाना सेंट्रल के छह व साइबर थाना बल्लभगढ के तीन मामले शामिल हैं। इसके अतिरिक्त साइबर पुलिस टीमों द्वारा 404 शिकायतों का निस्तारण किया गया है। यह कार्रवाई 10 अक्टूबर से 16 अक्टूबर के बीच एक सप्ताह के दौरान की गई है।



ठगों को बैंक खाता उपलब्ध कराने के आरोप में दो गिरफ्तार

फरीदाबाद। साइबर थाना एनआईटी की टीम ने फेसबुक के माध्यम से संपर्क कर स्टॉक मार्केट ट्रेडिंग मंर अधिक मुनाफा कमाने का लालच देकर 87000 की ठगी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान नाहर सिंह व सुरेन्द्र सिंह, निवासी दौसा राजस्थान के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि संजय कॉलोनी सेक्टर-23 फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना एनआईटी में शिकायत दी थी कि 11 दिसंबर 2025 को फेसबुक के माध्यम से एक अज्ञात व्यक्ति ने उससे संपर्क किया। बातचीत के दौरान आरोपी ने स्वयं को शेयर बाजार में निवेश का विशेषज्ञ बताते हुए कम समय में अधिक मुनाफा कमाने का लालच दिया। इसके बाद शिकायतकर्ता को व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ दिया गया, जहां निवेश से संबंधित जानकारी और कथित मुनाफे के बारे में बताया जाता था।

बीस साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। फरीदाबाद पुलिस द्वारा लंबे समय से फरार चल रहे उद्घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पीओ स्टाफ की टीम ने वर्ष 2005 के एक मामले में करीब 20 साल से फरार चल रहे उद्घोषित अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान राजेश उर्फ जर जोधन वासी गांव नानामऊ, थाना कुरावली, जिला मैनपुरी, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सुभाष कॉलोनी फरीदाबाद निवासी ने शिकायत दी थी कि उसकी नाबालिक बेटी को 7 अगस्त 2005 को उनके मकान में रहने वाले किरायेदार राजेश उर्फ जर जोधन तथा उसके साथियों द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाया गया था। मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए काफी प्रयास किए गए, लेकिन वे पुलिस की गिरफ्त में नहीं आए। इसके बाद माननीय अदालत द्वारा 17 अगस्त 2006 को राजेश उर्फ जर जोधन को पुलिस उद्घोषित अपराधी घोषित कर दिया गया था। आरोपी लगातार अपने ठिकाने बदलकर पुलिस से बच रहा था।

प्रताड़ना से तंग पूर्व महिला सरपंच ने परिवार सहित इच्छामृत्यु की अनुमति मांगी

■ मुख्यमंत्री को शिकायत भेजकर न्याय और सुरक्षा की गुहार लगाई, ग्रामीण पर मानसिक प्रताड़ना, धमकी और झूठी शिकायतें करने के आरोप

कासिम खान ⏭ नूंह

गांव बाबूपुर की पूर्व महिला सरपंच सायरा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को शिकायत भेजकर न्याय और परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई है। उन्होंने गांव निवासी अहमददीन पुत्र सूबेदार पर लंबे समय से मानसिक प्रताड़ना देने, झूठी शिकायतें करने, रुपये मांगने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। सायरा का कहना है कि वह कथित प्रताड़ना से इतनी परेशान हैं कि परिवार सहित इच्छामृत्यु की अनुमति मांग रही हैं। मुख्यमंत्री को भेजी शिकायत में सायरा ने बताया कि वर्ष 2016 में सरपंच रहते हुए उन्होंने गांव के श्मशान घाट से अवैध कब्जा हटवाया था। इसके अलावा, गांव के जोहड़ की जमीन पर कथित अवैध कब्जों के खिलाफ भी कार्रवाई शुरू की थी। उनका आरोप है कि इसी रंजिश के चलते अहमददीन उन्हें लगातार परेशान कर रहा है।

दबाव बनाने का आरोप

शिकायत में सायरा ने अपने जेठ फजल हुसैन के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले का जिक्र करते हुए कहा कि न्यायालय ने 15 जुलाई 2023 को उन्हें बरी कर दिया था। उन्होंने हाईकोर्ट के आदेश के बाद अहमददीन सहित अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने की बात भी कही है। पूर्व सरपंच ने आरोप लगाया कि आगामी अदालती कार्रवाई को लेकर उन पर दबाव बनाया जा रहा है। उन्हें कथित तौर पर तांत्रिक क्रियाओं का डर दिखाया जा रहा है और सार्वजनिक रूप से जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। उन्होंने मीडिया में अपने परिवार के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किए जाने पर भी कार्रवाई की मांग की है। सायरा ने मुख्यमंत्री से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, आरोप सही पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

विदेशी फंडिंग सहित करीब 12 जांचों का दिया हवाला

सायरा के अनुसार, उनके खिलाफ गबन, विदेशी फंडिंग और पंचायत के कार्यों में अनियमितताओं के आरोप लगाकर सीएम विंडो, विभिन्न सरकारी विभागों और अदालतों में कई शिकायतें की गईं। उन्होंने दावा किया कि उपायुक्त कार्यालय, एसडीओ पंचायती राज, एसडीएम, सतर्कता विभाग, आबकारी एवं कराधान विभाग तथा सीएम फ्लाइंग रेवाड़ी सहित विभिन्न स्तरों पर करीब 12 जांचों में उन्हें राहत मिली और शिकायतें दफ्तर दाखिल कर दी गईं। उन्होंने स्थानीय न्यायालय नूंह के 29 नवंबर 2024 के आदेश और हाईकोर्ट में दायर मामले का भी उल्लेख किया है।

रोटी लेट देने पर होटल मालिक को चाकू घोंपा

फरीदाबाद। सोहना रोड पर होटल संचालक के साथ मारपीट तथा चाकू से हमला करने के मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस चौकी संजय कॉलोनी की टीम ने एक आरोपित अनवर खान वासी जीवन नगर गोच्छी को गिरफ्तार किया है।पुलिस प्रवक्ता अनुसार मौहसिम वासी जीवन नगर पार्ट-2 ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सोहना रोड पर सिकंदराबाद चिकन नाम से होटल चलाता है। 4 अक्टूबर को शाम करीब 7.30 बजे अनवर निवासी जीवन नगर गौच्छी, उसका भाई अकबर तथा इस्लाम और निसार उसके होटल पर आए, जिन्होंने रोटी का ऑर्डर दिया। रोटी तैयार होने में 5-7 मिनट लगने की बात कहने पर अनवर ने उसके साथ गाली-गलौच शुरू कर दी और जान से मारने की नीयत से उसके पेट व हाथ पर चाकू से वार किया। इस्लाम तथा निसार ने भी उसके साथ मारपीट की। शिकायतकर्ता का भाई मोसिम उसे बचाने आया तो उसके साथ भी मारपीट की गई। शिकायत पर थाना मुजेसर में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर पुलिस चौकी की टीम द्वारा जांच शुरू की गई।प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी शिकायतकर्ता के होटल पर खाना खाने के लिये आये थे। जहां पर उन्होंने रोटी का ऑर्डर दिया था। रोटी तैयार होने में समय लगने की बात कहने पर उनकी शिकायतकर्ता के साथ कहासुनी हो गई। इसी दौरान अनवर निसार की दुकान से चाकू उठाकर लाया और अनवर ने उस पर चाकू से हमला कर दिया।

सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर की कार का शीशा तोड़कर नकदी चोरी

■ अमित पंघाल के साथ वारदात, पुलिस कार्रवाई पर जताया असंतोष

गुरुग्राम। सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर की कार का शीशा तोड़कर चोरी करने का मामला सामने आया है। सेक्टर-65 थाना क्षेत्र में चोरों ने एक खड़ी गाड़ी का शीशा तोड़कर उसमें रखा लैपटॉप और नकदी चोरी कर ली। इस घटना के बाद सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर अमित पंघाल ने गुरुग्राम पुलिस को शिकायत दी है। घटना को लेकर अमित पंघाल और उनकी पत्नी ने सोशल मीडिया पर वीडियो साझा कर पुलिस की कार्रवाई के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर की है। अमित पंघाल के फेसबुक पर करीब 27 लाख फॉलोअर्स हैं। जानकारी के अनुसार, गुरुग्राम के सेक्टर-65 थाना क्षेत्र में अमित पंघाल की गाड़ी खड़ी थी। इसी दौरान अज्ञात आरोपियों ने गाड़ी का शीशा तोड़ दिया और अंदर रखा लैपटॉप व नकदी लेकर फरार हो गए। घटना का पता चलने पर मामले की शिकायत पुलिस को दी गई। सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या में फॉलोअर्स होने के कारण अमित पंघाल की इस घटना को लेकर साझा की गई वीडियो चर्चा में है। अमित पंघाल और उनकी पत्नी श्रुति सिंह ने वीडियो के माध्यम से घटना को लेकर अपनी बात रखी और पुलिस की कार्रवाई पर असंतोष जताया। हालांकि, चोरी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों की पहचान, चोरी हुई नकदी की राशि और पुलिस की ओर से अब तक की गई कार्रवाई के संबंध में विस्तृत जानकारी सामने आना बाकी है।

सिंगापुर और स्वीडन के दौरे में मुख्यमंत्री ने विदेशी निवेशकों को दिया न्योता

■ पलवल में गड़रिया समाज की महापंचायत में फैसला

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2027 के लिए अभी से जुटी सरकार, नए औद्योगिक शहरों में निवेश पर नजर

अगले साल अप्रैल में गुरुग्राम में होगी समिट, दुनिया भर से पहुंचेंगे नामी उद्योगपति

योगेंद्र शर्मा ⏭ चंडीगढ़

हरियाणा को वैश्विक निवेश के मानचित्र पर मजबूत पहचान दिलाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रयास तेज कर दिए हैं। अक्टूबर 2026 में सिंगापुर और अब स्वीडन के दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने विदेशी कंपनियों के प्रतिनिधियों के सामने हरियाणा में निवेश की संभावनाएं रखीं।

साथ ही, अगले साल अप्रैल में प्रस्तावित 'हैपनिंग हरियाणा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2027' में शामिल होने के लिए निवेशकों को आमंत्रित किया। सरकार का लक्ष्य प्रदेश में नए निवेश को आकर्षित करना, औद्योगिक ढांचे का विस्तार करना और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाना है। मुख्यमंत्री का मानना है कि हरियाणा में औद्योगिक विकास की व्यापक संभावनाएं हैं और विदेशी कंपनियों की भागीदारी से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिल सकती है। शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने वैश्विक निवेश को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख किया।

सरकार विदेशी निवेशकों के समक्ष हरियाणा की भौगोलिक स्थिति, दिल्ली-एनसीआर से निकटता, विकसित औद्योगिक ढांचे, ऑटोमोबाइल उद्योग और मजबूत लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को प्रमुखता से रख रही है। इसके अलावा, तकनीकी कारोबार और आधुनिक विनिर्माण क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर भी जोर दिया जा रहा है। हरियाणा सरकार अगले साल गुरुग्राम में प्रस्तावित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर तैयारियों में जुटी है। मुख्यमंत्री विदेश दौरों के दौरान विदेशी कंपनियों को इस आयोजन में भाग लेने और प्रदेश में निवेश करने का न्योता दे रहे हैं। सरकार को उम्मीद है कि समिट के माध्यम से विभिन्न देशों की कंपनियों के साथ निवेश और औद्योगिक सहयोग के नए रास्ते खुलेंगे। इसकी अभी से बड़े स्तर पर तैयारी की जा रही है।

हजारों एकड़ में फैला औद्योगिक ढांचा

हरियाणा में औद्योगिक क्षेत्रों का विस्तार और आधुनिक सुविधाओं का विकास निवेश आकर्षित करने की रणनीति का अहम हिस्सा है। हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम (एचएसआईआईडीसी) की ओर से विकसित औद्योगिक क्षेत्र अब उत्पादन के साथ व्यापार, लॉजिस्टिक्स और श्रमिक सुविधाओं के लिहाज से भी विकसित किए जा रहे हैं। प्रदेश में छह प्रमुख औद्योगिक मॉडल टाउनशिप विकसित की गई हैं। इनमें आईएमटी मानेसर लगभग 4,000 एकड़, रोहतक 3,600 एकड़, बावल 3,300 एकड़, खरखौदा 3,200 एकड़, फरीदाबाद 1,800 एकड़ और सोहना 1,500 एकड़ में फैली है। इन क्षेत्रों में कंपनियों को सड़क, बिजली, पानी, लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक भूखंड जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। सरकार की कोशिश है कि मौजूदा औद्योगिक ढांचे और नई परियोजनाओं के जरिए घरेलू व विदेशी कंपनियों को निवेश के लिए आकर्षित किया जाए। इससे प्रदेश में विनिर्माण गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ रोजगार के नए अवसर पैदा होने की उम्मीद है।

औद्योगिक विकास के लिए बड़े निवेश की जरूरत

प्रदेश में औद्योगिक विकास की योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए बड़े निवेश की जरूरत है। इसी उद्देश्य से सरकार विदेशी कंपनियों के साथ संपर्क बढ़ा रही है। उद्योग मंत्री भी समिट की तैयारियों में तेजी लाने की बात कह चुके हैं।हरियाणा सरकार प्रदेश में 10 नए औद्योगिक मॉडल टाउनशिप विकसित करने की दिशा में काम कर रही है। इसके अलावा गुरुग्राम की ग्लोबल सिटी और कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेसवे के साथ प्रस्तावित पांच नए शहरों में निवेश आकर्षित करने की योजना है। इन परियोजनाओं के माध्यम से विनिर्माण, लॉजिस्टिक्स और अन्य औद्योगिक गतिविधियों को विस्तार देने की तैयारी है। स्वीडन दौरे के दौरान भारत-स्वीडन सतत शहरी विकास गोलमेज सम्मेलन में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री ने स्वीडिश कंपनियों को हरियाणा में निवेश के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने स्मार्ट मोबिलिटी, जल संरक्षण, हरित ऊर्जा और टिकाऊ शहरी विकास जैसे क्षेत्रों में साझेदारी की संभावनाओं पर जोर दिया।

शादी में 51 बाराती, छूछक-भात में 11 लोग ही जाएंगे, दहेज, डीजे पर भी रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

पलवल में रविवार को हुई गड़रिया समाज की महापंचायत में शादी-ब्याह और अन्य सामाजिक कार्यक्रमों में फिजूलखर्ची रोकने के लिए दहेज, शराब, डीजे और मृत्यु भोज पर रोक लगाने का फैसला लिया गया। साथ ही शादी में दूल्हा पक्ष से अधिकतम 51 लोग और छूछक, गोद भराई, लगन-सगाई व भात में 11-11 लोगों के शामिल होने का निर्णय लिया गया। प्रकाश विहार स्थित वीर चक्र विजेता शहीद महीलाल समिति प्रांगण में हुई महापंचायत की अध्यक्षता 360 गांवों के चौधरी ओमप्रकाश ने की। महापंचायत में पलवल के अलावा फरीदाबाद, गुरुग्राम, सोनीपत, नूंह, होडल और उत्तर प्रदेश से आए लोगों ने हिस्सा लिया। पंचायत में तय हुआ कि मृत्यु भोज के बजाय केवल श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाएगी, ताकि शोकाकुल परिवार पर आर्थिक बोझ न पड़े। शादी-विवाह में शराब और साथ डीजे बजाने पर भी किसी भी तरह का नशा परोसने के पूरी तरह रोक रहेगी।



गांववार कमेटियां बनाई जाएंगी

गड़रिया समाज की पहली पंचायत 11 अक्टूबर को हुई थी। अब दूसरी महापंचायत में इन फैसलों पर अंतिम मुहर लगाई गई। पंचायत में इस बात पर जोर दिया गया कि सामाजिक परंपराओं का निर्वहन सादगी और संवेदनशीलता के साथ किया जाए, ताकि किसी परिवार को आर्थिक या सामाजिक दबाव का सामना न करना पड़े। फैसलों को लागू कराने के लिए गांववार कमेटियां गठित की जाएंगी।वीर चक्र विजेता शहीद महीलाल समिति के अध्यक्ष कर्नल दयाराम ने कहा कि समाज की परंपराओं और सामूहिक सहमति के आधार पर ये फैसले लिए गए हैं। इन्हें प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए अगले 10 दिनों में गांववार कमेटियां गठित कर उनकी जिम्मेदारियां तय की जाएंगी।

रोहतक
सोमवार 19 अक्टूबर 2026
अश्विन मास शुक्ल पक्ष,
अष्टमी वर्ष : 30, अंक : 256
पृष्ठ 12 मूल्य 3.50

मौसम हरियाणा
अधि. 32.8°C
न्यून. 15.6°C

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



5 विश्व मास्टर्स पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप
एकता ने रचा इतिहास जीते तीन स्वर्ण

खबर संक्षेप

दुर्गा अष्टमी पर आज 10 बजे खुलेंगे स्कूल

रोहतक। हरियाणा विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने दुर्गा अष्टमी पर प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों के समय में विशेष बदलाव किया है। जारी निर्देशों के अनुसार, सोमवार को राज्य के सभी राजकीय विद्यालय सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक संचालित होंगे। यह नया समय विद्यार्थियों तथा अध्यापकों दोनों के लिए समान रूप से लागू रहेगा। निदेशालय ने स्पष्ट हिदायत दी है कि कोई भी विद्यालय प्रशासन अपने स्तर पर समय-सारणी में फेरबदल न करे और आदेशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करे। *ब्यूरो*

सीआईएसएफ में काम के आधार पर कमान

नई दिल्ली। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की प्रशासनिक और परिचालन व्यवस्था में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। गृह मंत्रालय की मंजूरी के बाद नया ढांचा 1 नवंबर 2026 से देशभर में लागू होगा। इसके तहत सुरक्षा की कमान अब भौगोलिक क्षेत्र के बजाय प्रतिष्ठानों के कार्यक्षेत्र और उनकी सुरक्षा जरूरतों के आधार पर तय की जाएगी। पुनर्गठन का उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था में विशेषज्ञता बढ़ाना, निगरानी मजबूत करना और विभिन्न प्रतिष्ठानों में सुरक्षा प्रक्रियाओं में एकरूपता लाना है।

कैंसर-डायबिटीज की दवा का निर्यात होगा आसान

नई दिल्ली। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने कैंसर, डायबिटीज समेत कई बीमारियों की दवाओं के निर्यात के नियम आसान किए हैं। नई व्यवस्था के तहत पहले से मंजूर कुछ दवाओं को विदेश में अलग ब्रांड नाम से बेचने के लिए नया अनापत्ति प्रमाणपत्र नहीं लेना होगा। इससे दवा कंपनियों को राहत मिलेगी। *एजेंसी*



असम में 7 करोड़ की याबा गोलियां बरामद

गुवाहाटी। असम के कामरूप जिले में साढ़े सात करोड़ रुपये मूल्य की 30,000 प्रतिबंधित 'याबा' गोलियां बरामद कर इस सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई राज्य पुलिस के विशेष कार्य बल द्वारा शनिवार रात अमीनगांव इलाके में की गई। एसटीएफ ने बीती रात अमीनगांव में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले व्यक्ति से गोलियां बरामद की। *एजेंसी*



देश में तीन दर्दनाक सड़क हादसों में 29 लोगों की गई जान

ग्वालियर में तेज रफ्तार ट्रक ने 41 श्रद्धालुओं को कुचला, 15 की मौत

एजेंसी ▶▶ ग्वालियर

ग्वालियर में शनिवार देर रात तेज रफ्तार ट्रक ने 41 श्रद्धालुओं को कुचल दिया। हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई। दो पुलिसकर्मी समेत 26 लोग घायल हैं। हादसा देर रात करीब 1:30 बजे चीनौर रोड पर ढलान के पास हुआ। सभी श्रद्धालु शीतला माता मंदिर में दर्शन के लिए सड़क किनारे लाइन में लगे थे। तभी चीनौर की ओर से आ रहा धान से भरा ट्रक करीब 90 डिग्री के ढलान पर बेकाबू हो गया। ड्राइवर गूगल मैप की मदद से ट्रक चला रहा था। ढलान पर ट्रक पुलिस चेकपोस्ट तोड़ते हुए लोगों को कुचलकर मंदिर की बाहरी दीवार और गेट से जा टकराया। इससे मंदिर की दीवार ढह गई। कई लोग मलबे में दब गए। घायलों को जयारोग्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद परिजन ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर और ट्रक मालिक को गिरफ्तार कर लिया है। ड्राइवर ने पुलिस को बताया कि ट्रक का ब्रेक फेल हो गया था। सरकार ने सिटी एसपी को हटा दिया है। 8 अफसर-पुलिसकर्मियों को भी सस्पेंड किया गया है। इनमें चार टीआई हैं।

26 घायल, 9 अफसर सस्पेंड

शीतला माता के दर्शन के लिए खड़े थे लाइन में
ट्रक करीब 90 डिग्री के ढलान पर बेकाबू हुआ

लोगों को कुचलकर मंदिर की बाहरी दीवार और गेट से जा टकराया
ड्राइवर ने पुलिस को बताया कि ट्रक का ब्रेक फेल हो गया



600 से 700 श्रद्धालु आ सकते थे चपेट में

पुलिस के अनुसार चालक ने ट्रक को नियंत्रित करने के प्रयास में वाहन को बाईं ओर मोड़ दिया लेकिन अगर ट्रक सीधे आगे बढ़ता तो 600 से 700 श्रद्धालु इसकी चपेट में आ सकते थे। यह हादसा ग्वालियर शहर से करीब 20 किलोमीटर दूर स्थित लगभग 125 साल पुराने शीतला माता मंदिर के बाहर हुआ। नवरात्र की पूजा के लिए वहां हजारों श्रद्धालु एकत्र हुए थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हादसे में लोगों की मौत पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

संगरूर: 9 मनरेगा मजदूरों को कार ने कुचला, सड़क पर बिखरी लाशें



संगरूर। संगरूर में रविवार को लहरागागा-जाखल रोड पर हादसा हो गया। यहां सड़क पर काम कर रहे मनरेगा मजदूरों को तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया। हादसे के समय करीब 23 मजदूर सड़क पर काम कर रहे थे। इनमें महिला और पुरुष दोनों शामिल थे। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई। कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं। हादसे में घायल सभी मजदूरों को लहरागागा और सुनाम के सरकारी अस्पतालों में पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी तुरंत अस्पताल और घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने हादसे के बाद फरार हुए कार ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है।

■ **लहरागागा जाखल रोड पर हादसा चालक फरार**

महाराष्ट्र : बीड में बस और कार की टक्कर, तुलजापुर जा रहे 5 की मौत



बीड। महाराष्ट्र के बीड में तुलजापुर जा रहे श्रद्धालुओं को ले जा रही एक कार की राज्य परिवहन की बस से टक्कर हो गई। जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा रविवार सुबह 11 बजे के करीब हुआ। दुर्घटनास्थल पर पुलिस पहुंची। स्थानीय लोगों ने सड़क निर्माण के लिए जिम्मेदार ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की है। घटना की खबर मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई और राहत व बचाव का काम शुरू किया। यह घटना सड़क के किनारे लगे गए प्राइवेट सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और रोडवेज बस लालपरी के आगे का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

■ **जोरदार टक्कर से उड़े कार के परखच्चे**

पार्किंग को लेकर बस और कार चालकों में विवाद

श्रीनगर जा रही बस पर नीलोखेड़ी में पथराव, दो आरोपी हिरासत में



नीलोखेड़ी में विवाद के बाद क्षतिग्रस्त बस के शीशे और घायल यात्री।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

दिल्ली से श्रीनगर जा रही जम्मू-कश्मीर नंबर की बस पर शनिवार रात नीलोखेड़ी स्थित डिवाइन स्टार ढाबे की पार्किंग में हुए विवाद के दौरान पथराव किया गया। घटना में बस के शीशे टूट गए। मामले में थाना बुटाना पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लेकर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल की गई मारुति बलेनो कार को भी कब्जे में ले लिया है। पुलिस के अनुसार, 17 अक्तूबर की रात करीब 10 बजे बस और निजी कार के चालकों के बीच पार्किंग को लेकर कहासुनी हुई थी। विवाद बढ़ने पर आरोप है कि करनाल जिले के निवासी मोहित ने बस के शीशे तोड़ दिए। उसका साथी सावन भी मौके पर मौजूद था। प्रारंभिक जांच में बस में सवार एक यात्री को चोट लगने की बात सामने आई है।

दोनों पक्षों के बीच समझौता

घटना के बाद दोनों पक्षों के बीच समझौता होने के बाद बस श्रीनगर के लिए रवाना हो गई थी। बाद में डिवाइन स्टार होटल/ ढाबे के प्रबंधक की शिकायत पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। पुलिस ने सफेद रंग की मारुति बलेनो कार नंबर एचआर05 बीक्यू 2412 को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

हेट क्राइम का पहलू नहीं आया सामने

करनाल पुलिस ने स्पष्ट किया कि प्रारंभिक जांच में विवाद पार्किंग को लेकर है। किसी राज्य या क्षेत्र विशेष के लोगों के प्रति नफरत अथवा वैमनस्य से जुड़ा पहलू सामने नहीं आया है। पुलिस ने लोगों से अपुष्ट जानकारी और सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। घटना को लेकर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी निंदा करते हुए हरियाणा सरकार और पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी।

टाइगर श्रॉफ पर 5 राउंड फायरिंग एक्टर सुरक्षित, ड्राइवर को लगी गोली

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्टर टाइगर श्रॉफ पर रविवार शाम मुंबई में फायरिंग हुई। बाइक सवारों ने जुहू में 5 राउंड फायरिंग की। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, फुटबॉल खेलकर लौटते वक्त टाइगर की कार जुहू के पुष्पा पार्क के पास रुकी। यहां उन्हें देखने के लिए भीड़ जमा हो थी। इसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन लोग वहां पहुंचे। हमलावरों ने टाइगर की गाड़ी पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। टाइगर के ड्राइवर और एक ऑटो-रिक्शा वाले को भी गोलियां लगी हैं। टाइगर श्रॉफ सुरक्षित हैं। लॉरेंस गैंग के अनिल पंडित और हरमन संधू ने फायरिंग की जिम्मेदारी ली है। अनिल पंडित ने सोशल मीडिया पर पोस्ट की है। पोस्ट में लिखा है- हमने इसे समझाया था, इसको समझ नहीं आया। आज हमने इसको सही से समझा दिया है। मुंबई फिल्म इंडस्ट्री में जो हमारी बात नहीं सुनेगा, या सलमान के साथ काम करेगा, अगला नंबर उसी का होगा।



लॉरेंस गैंग की पोस्ट जो सलमान के साथ काम करेगा, उसका यही अंजाम होगा

वोट जुड़वाने के लिए बिना डरे भरें फॉर्म-6

नई दिल्ली (भाषा)। निर्वाचन आयोग ने दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया है कि राष्ट्रीय राजधानी में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान गणना प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाने के कारण मतदाता सूची से नाम हटाए गए दो मतदाता अपनी शिकायत के निवारण के लिए बिना डरे फॉर्म 6 भर सकते हैं। अदालत दो याचिकाकर्ताओं के नाम मतदाता सूची में दोबारा शामिल करने की मांग संबंधी याचिका पर सुनवाई कर रही थी। अदालत ने यह कहते हुए याचिका पर सुनवाई बंद कर दी कि याचिकाकर्ता की यह आशंका गलत है कि अगर वह फॉर्म 6 भरता है, तो उस पर गलत घोषणा करने का आरोप लगाया जाएगा। पीठ ने कहा, इन टिप्पणियों के साथ, रिट याचिका की कार्यवाही बंद की जाती है। याचिकाकर्ता चाहें तो फॉर्म 6 भर सकते हैं, जिस पर कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं, महाराष्ट्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने फॉर्म-6 में बदलाव का प्रस्ताव चुनाव आयोग को भेजा है। इससे एसएसआर में हटे वोटर दोबारा नाम जुड़वा सकेंगे। प्रस्ताव में कहा गया है कि जो लोग वोटर लिस्ट में दोबारा नाम जुड़वाना चाहते हैं, ऐसे वोटरों से पहली बार वोटर बनने की घोषणा न कराई जाए।

हाईकोर्ट ने कहा, गलत घोषणा करने का आरोप नहीं लगेगा

कनाडा में भीषण अग्निकांड

सैन्य अड्डे पर धमाका कई सैनिक मारे गए

1300 से ज्यादा कर्मचारी थे तैनात

अल्बर्टा (एजेंसी)। कनाडा के अल्बर्टा के सैन्य अड्डे पर जोरदार धमाके के बाद आग लग गई। इसमें कई सैनिक और कर्मचारी मारे गए। रक्षा मंत्री डेविड मैकगिन्टी ने हादसे की जानकारी दी। उन्होंने कहा, 'मैंने ऐसा दर्दनाक दृश्य पहले कभी नहीं देखा।' मृतकों और घायलों की संख्या फिलहाल नहीं बताई गई है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने सोशल मीडिया पर इसे गंभीर घटना बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार और स्थानीय प्रशासन साथ मिलकर राहत और बचाव के काम में जुटी है। इस सैन्य अड्डे पर 1300 से ज्यादा सैनिक और कर्मचारी काम करते है।

मृतकों और घायलों की संख्या सामने नहीं आई
■
तेज हवाओं के कारण सैन्य अड्डे के आसपास तेजी से फैल गई आग

डॉक्टर बोले- मरीजों से भरे स्वास्थ्य केंद्र

स्थानीय प्रशासन के मुताबिक, विस्फोट के बाद तेज हवाओ के कारण आग सैन्य अड्डे के आसपास तेजी से फैल गई। कई इलाकों से दमकलकर्मी आग बुझाने के लिए पहुंचे। रॉयल एलेक्जेंड्रा अस्पताल के इमरजेंसी डॉक्टर वॉरेन थिर्स्क ने इसे 15 से 25 साल में एक बार होने वाली बड़ी आपदा बताया। उन्होंने कहा कि मरीजों की संख्या इतनी ज्यादा थी कि शहर के स्वास्थ्य केंद्र पूरी तरह भर गए। अधिकारियों ने अभी तक यह नहीं बताया है कि धमाका कैसे हुआ और आग लगने की वजह क्या थी। रक्षा मंत्री मैकगिन्टी ने कहा कि कनाडा की रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस घटना की जांच कर रही है।

मणिपुर में कुकी समुदाय के 15 घर फूंके, एक की मौत

इंफाल (एजेंसी)। मणिपुर के कामजोंग जिले के एक पहाड़ी गांव में कुकी समुदाय के कम से कम 15 घरों में आग लगा दी गई। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि इसके चलते बड़ी संख्या में नागरिकों को घर छोड़कर जंगलों और पास के सेना शिविर में शरण लेनी पड़ी। उन्होंने बताया कि संदिग्ध उग्रवादियों ने शनिवार देर रात चस्साद गांव पर हमला किया और घरों में आग लगा दी।इससे पहले दिन में संदिग्ध उग्रवादियों ने गांव पर हमला किया था, जिसमें एक कुकी नागरिक की मौत हो गई और चार अन्य को गोली लगी। पुलिस ने कहा कि स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए असम राइफल्स, सीमा सुरक्षा बल और कामजोंग पुलिस की संयुक्त टुकड़ी प्रभावित इलाके में तैनात की गई है। उपमुख्यमंत्री नेमचा किपगेन ने चस्साद में हुई हिंसा की निंदा की। उन्होंने कुकी नागरिक की मौत पर दुख जताया और घायल ग्राम नेताओं तथा विस्थापित परिवारों को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने घरों को जलाने को असहनीय अपराध भी बताया।





महंगाई के खिलाफ सड़कों पर उतरे 8 लाख लोग

फ्रांस में उपद्रव, प्रदर्शनकारियों ने दुकानें लूटी, इमारतें जलाईं

पेरिस (एजेंसी)। फ्रांस में महंगाई के खिलाफ शनिवार को 8 लाख लोग सड़कों पर उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने जमकर उपद्रव मचाया। कई जगह प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की गाड़ियों पर पत्थर फेंके और पुलिसकर्मियों को दौड़ाया। कुछ जगहों पर एपल स्टोर्स से आईफोन भी लूटे गए। वहीं, लिमोज शहर में प्रदर्शनकारियों ने 143 साल पुराने टाउन हॉल में आग लगा दी। प्रदर्शन में कुछ लोग जोकर और कैप्टन अमेरिका जैसे किरदारों की पोशाक पहनकर भी पहुंचे। यह आंदोलन करीब एक महीने पहले छात्रों के विरोध प्रदर्शन से शुरू हुआ था। धीरे-धीरे इसमें महंगाई और पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के खिलाफ विरोध भी जुड़ गया। मार्च के दौरान पुलिसकर्मियों के साथ हिंसक झड़प और दुकानों में लूटपाट के सिलसिले में 855 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

सरकारी कार्यालयों को जमकर बनाया निशाना

अधिकारियों ने बताया कि नकाबपोश प्रदर्शनकारियों के समूहों ने सिटी हॉल और स्थानीय सरकारी कार्यालयों सहित सार्वजनिक इमारतों को निशाना बनाया। अधिकारियों ने बताया कि पूरे फ्रांस में हुए विरोध-प्रदर्शनों में लगभग 5,50,000 लोगों ने हिस्सा लिया, जबकि आयोजकों के मुताबिक यह संख्या करीब 8,00,000 थी। पेरिस पुलिस ने एक बयान में बताया कि विरोध-प्रदर्शन के दौरान एक व्यक्ति की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। फ्रांसीसी मीडिया की खबर के अनुसार, मार्च के दौरान सड़क पर एक प्रदर्शनकारी की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी।



हालात बेहद खराब

पुलिस की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि पुलिस और अर्द्धसैनिक बल के 13 अधिकारी तथा दो दमकलकर्मी घायल हो गए। रविवार सुबह पेरिस के 'प्लेस डे ला रिपब्लिक' के आसपास उखड़े हुए पत्थर, टूटी हुई दुकानें और कांच के बिखरे हुए टुकड़े दिखाई दिए। इस चौक के आसपास और शहर के केंद्र में कुछ अन्य पर्यटक एवं खरीदारी वाले इलाकों में लूटपाट और तोड़फोड़ की खबरें सामने आईं।

1,000 से ज्यादा समूहों में मार्च निकाला

पुलिस ने बताया कि शनिवार को मध्य पेरिस में कई सौ से लेकर 1,000 से ज्यादा समूहों ने अनधिकृत मार्च निकाले। उसने बताया, दोपहर के समय में हिंसा का दौर शुरू हो गया, जब बड़ी संख्या में ऐसे लोग आ गए, जिनका एकमात्र मकसद अशांति का फायदा उठाकर चोरी और लूटपाट करना था। प्रधानमंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू और गृह मंत्री लॉरेंट नुनेज ने हिंसा के लिए कट्टर वामपंथी समूहों" को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि बाद में लूटपाट करने के इरादे से अन्य लोग भी इसमें शामिल हो गए।

खबर संक्षेप

रेवाड़ी: कार की टक्कर से युवक की मौत

कोसली। लूला अहीर में शनिवार देर सायं सड़क पर घूमने निकले 19 साल के युवक की कार की टक्कर लगने से मौत हो गई। मृतक अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसके तीन बहनें हैं। दीवाली पर्व से ठीक पहले हुए हादसे ने परिवार का चिराग बुझा दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। गांव निवासी ताराचंद की कुछ समय पहले मौत हो गई थी। उसका बेटा चेतन दड़ौली रोड पर घूमने के लिए निकला था। दड़ौली रोड पर तेज रफ्तार टियागो कार ने उसे टक्कर मार दी। इससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। चेतन को उठाकर सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।


चेतन की फाइल फोटो

यूके भेजने के नाम पर तीन लोगों से 28 लाख की ठगी

यमुनानगर। यूके में नौकरी और वर्क वीजा दिलाने के नाम पर तीन लोगों से 28 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। आरोप है कि एजेंट राजीव अरोड़ा ने एक युवक के पिता से 20 लाख रुपये लेकर फर्जी वीजा स्टिकर भेजा, जबकि दो अन्य युवकों से आठ-आठ लाख रुपये लिए। इंटरनेट पर वीजा की जांच करने पर उसके फर्जी होने का पता चला। आरोप है कि रकम वापस मांगने पर एजेंट टालमटोल करने लगा। आर्थिक अपराध शाखा की जांच के बाद छप्पर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाईलैंड की महिला ड्रग्स के साथ गिरफ्तार

गुरुग्राम। हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एचएसएनसीबी) की गुरुग्राम यूनिट ने गुरुग्राम में नशीले पदार्थों की कथित तस्करी के आरोप में थाईलैंड की एक महिला को गिरफ्तार किया है। टीम ने विदेशी महिला के सुशांत लोक के सी-ब्लॉक स्थित मकान पर छापेमारी कर 14.80 ग्राम एमडीएमए बरामद किया। नशीला पदार्थ कमरे में एलईडी के पीछे रखे एक बैग में छिपाया गया था। एचएसएनसीबी गुरुग्राम यूनिट के प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन कुमार के अनुसार, टीम को सूचना मिली थी कि सुशांत लोक के सी-ब्लॉक में रहने वाली एक विदेशी महिला कथित तौर पर अवैध बिक्री में संलिप्त है।

पत्नी-बेटी छोड़ अलग रह रहा था, टूर एंड ट्रैवल कंपनी का मालिक

पानीपत में लिव-इन पार्टनर की मौत पिता बोले-बेटे को गर्लफ्रेंड ने जहर दिया

- रात को गंभीर हालत में निजी अस्पताल लाया गया था लोकेश, उपचार के दौरान तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के सेक्टर 13-17 स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में लिव-इन पार्टनर के साथ रह रहे टूर एंड ट्रैवल संचालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने उसके साथ लिव-इन में रह रही गर्लफ्रेंड पर जहरीला पदार्थ देने का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि ट्रैवल कंपनी संचालक को रात के समय गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। शव निजी अस्पताल के शवगृह में रखा है।

पत्नी से 8 साल पहले तलाक लेने के बाद वो गर्लफ्रेंड के साथ लिव-इन में रह रहा था। उसकी एक बेटी भी है। पिता के मुताबिक, उन्हें सुबह पड़ोसी ने फोन कर बेटे की मौत की सूचना दी। उधर, पुलिस ने पिता की शिकायत के बाद केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


पानीपत। टूर एंड ट्रैवल संचालक लोकेश की फाइल फोटो एवं अस्पताल में शवगृह के बाहर बैठे परिजन। फोटो: हरिभूमि

पिता ने की महिला मित्र पर कार्रवाई की मांग

परिजनों के मुताबिक, लोकेश (33) की मौत शनिवार रात हुई। उसे गंभीर हालत में पानीपत के निजी अस्पताल ले जाया गया था। पिता राज को सुबह पड़ोसी से सूचना मिली कि उनके बेटे की जहर से मौत हो गई है। इसके बाद वह अस्पताल पहुंचे। पिता का कहना है कि वहां पता चला कि बेटे के साथ रह रही महिला और कुछ अन्य लोग लोकेश को अस्पताल लेकर आए थे। वहीं, राज ने बेटे की मौत के लिए उसके साथ रह रही गर्लफ्रेंड को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने इस संबंध में पुलिस को शिकायत दी है और कार्रवाई की मांग की है।

8 साल पहले पत्नी से तलाक हुआ था

परिजनों के अनुसार, लोकेश मूल रूप से नूरवाला का रहने वाला था और टूर एंड ट्रैवल का काम करता था। उसकी शादी करीब 12 साल पहले हुई थी। उसकी 10 साल की बेटी है, जो नूरवाला में अपने दादा-दादी के साथ रहती है। परिजनों के मुताबिक, करीब 8 साल पहले पत्नी से तलाक होने के बाद लोकेश अलग रहने लगा था। वह पिछले कई साल से सेक्टर 13-17 की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में महिला के साथ रह रहा था। वहीं, मामले की जानकारी मिलने के बाद डीएसपी मुकेश जाखड़ और सेक्टर 13-17 थाना प्रभारी दीपक शवगृह पहुंचे।

करनाल: युवक पर चाकू से हमला, 7-8 युवकों ने घेरकर किया वार



करनाल। नरूखेड़ी गांव के बीच रजवाहे के पास रविवार को 19 वर्षीय युवक सचिन पर 7-8 युवकों ने चाकू से हमला कर दिया। हमले में सचिन गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके पेट पर भी चाकू लगे। घायल

- गंभीर हालत में खुद पहुंचा ट्रॉमा सेंटर

अवस्था में सचिन खुद चादर ओढ़कर करनाल के ट्रॉमा सेंटर पहुंचा, जहां उसे उपचार के लिए भर्ती कराया गया। नरूखेड़ी निवासी सचिन 12वीं कक्षा में पढ़ता है। रविवार दोपहर करीब चार बजे वह जूंडला-नरूखेड़ी मार्ग पर रजवाहे के पास था। इसी दौरान युवकों ने उसे घेर लिया और चाकू से कई वार किए। हमले के बाद सचिन गंभीर रूप से घायल हो गया। सचिन के बड़े भाई दीपक के अनुसार, उन्हें सूचना मिली थी कि उनके भाई पर कई युवकों ने हमला किया है। इसके बाद सचिन खुद ट्रॉमा सेंटर पहुंचा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जींद में पूर्व पार्षद की संदिग्ध हालात में मौत

सुसाइड नोट मिलने के बाद श्मशान घाट से वापस अस्पताल ले गए शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पूर्व नगर पार्षद श्यामलाल की रविवार को उनके हाउसिंग बोर्ड स्थित मकान में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शाम को जब स्वजन अंतिम संस्कार के लिए लेकर गए तो घर से फोन आया कि एक तीन पेज का सुसाइड नोट मिला है। इसके बाद सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस शव को लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंची। हालांकि परिजनों ने बयान दर्ज नहीं करवाए हैं। सुबह पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। रात को परिजनों के बयान दर्ज होंगे, उसके बाद ही पुलिस आगामी कार्रवाई करेगी। मृतक श्यामलाल के भाई सुरेंद्र ने बताया कि उसका भाई घर पर ही था। एक बजे के आसपास उसे बेसुध हालत में अपने कमरे में देखा। इसके बाद उसे एक निजी अस्पताल में लेकर गए। यहां चिकित्सक नहीं मिलने पर उसे नागरिक अस्पताल में लाया गया। नागरिक अस्पताल में चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उन्होंने सोचा कि उसके भाई को हार्ट अटैक हुआ है। शाम को लगभग साढ़े पांच बजे अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट गए। उसी समय घर से फोन आया कि एक कापी में तीन पेज का सुसाइड नोट मिला है। इसकी सूचना सिविल लाइन थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। परिजनों ने अभी तक कोई बयान दर्ज नहीं करवाए हैं। सुसाइड नोट में क्या लिखा है, इसके बारे में भी अभी तक पता नहीं चल पाया है। सूत्रों की मानें तो श्यामलाल किसी बिजनेस में सांझीदार हैं। उनकी छह अक्टूबर को बैठक हुई थी। इस बैठक में कुछ पैसों के लेनदेन का मामला हुआ था। इसके बाद ही श्यामलाल कुछ परेशान चल रहा था। सिविल लाइन थाना प्रभारी आशीष ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

- आज सुबह होगा पोस्टमार्टम

रेवाड़ी: छेड़छाड़ के दोषी म्यूजिक टीचर को पांच साल की कैद और जुर्माना

रेवाड़ी। फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट के एडीएसजे डा. मैनपाल रामावत की अदालत ने चौथी कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले म्यूजिक टीचर को दोषी करार दिया है। उसे पांच साल के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है। शहर निवासी एक महिला ने महिला थाना पुलिस को दर्ज शिकायत दर्ज शिकायत में बताया था कि उसकी 9 वर्षीय बेटी शहर के एक निजी स्कूल में चौथी कक्षा में पढ़ती है। 29 दिसंबर 2021 को स्कूल के म्यूजिक टीचर ने स्कूल परिसर के भीतर ही उसकी बच्ची के साथ अश्लील हरकत करते हुए छेड़छाड़ की है। जब मासूम बच्ची ने इसका विरोध किया, तो आरोपी शिक्षक ने अपनी करतूत पर पर्दा डालने के लिए उसे डरा-धमकाकर गाना गाने के लिए कहा। शाम को घर पहुंचने पर बच्ची ने रोते हुए उसे अपनी आपबीती सुनाई है। शिकायत मिलते ही महिला थाना पुलिस ने बिना किसी विलंब के पोक्सो एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था और तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी म्यूजिक टीचर को गिरफ्तार कर जेल भेजा। जांच के बाद चार्जशीट दायर की गई थी।

महिला की हत्या, वारदात को लूटपाट दिखाने का प्रयास

गुरुग्राम में वारदात, पति बोला- हत्यारे घर में जानबूझकर सामान बिखेर गए थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

गुरुग्राम के दौलाह गांव में नीतू (35) की हत्या के मामले में पति प्रशांत के बयान और सीसीटीवी फुटेज से जांच को अहम सुराग मिले हैं। प्रशांत के मुताबिक, घर से कोई कीमती सामान गायब नहीं है और सामान जानबूझकर बिखेरा गया है। इससे हत्या के इरादे से घर में घुसने की आशंका है। वहीं, सीसीटीवी फुटेज में बाइक पर 3 युवक आते दिखाई दिए हैं। पुलिस की शुरुआती जांच में वारदात के लिए पहले रेकी करने और लूटपाट का नाटक रचने की आशंका जताई गई है। आरोपियों का अभी तक सुराग नहीं लग पाया है। रविवार को पुलिस ने आश्वासन पर परिवार ने नीतू का शव उठा लिया। पुलिस ने कहा कि आरोपी उनकी रडार पर हैं। परिजनों के मुताबिक, नीतू के पेट पर लातें मारी गईं। उसके चेहरे पर चोट और गले पर भी निशान मिले हैं। नीतू के पति प्रशांत ने बताया कि आरोपी बाहर के लग रहे हैं। घर का कोई कीमती सामान गायब नहीं है और सामान जानबूझकर बिखेरा गया है। इससे लगता है कि आरोपी हत्या के इरादे से ही घर में घुसे थे।


नीतू की फाइल फोटो

प्रशांत के बयान और सीसीटीवी फुटेज से जांच को अहम सुराग मिले

रिहायशी मकान से 670 किलो पटाखे बरामद, मालिक गिरफ्तार



कैथल। चीका के शक्ति नगर में सीआईए गुहला पुलिस ने एक रिहायशी मकान के कमरे से पटाखों की 33 पेटियां बरामद की हैं। इनका कुल वजन करीब 670.86 किलोग्राम है। पुलिस ने मकान मालिक कृष्ण लाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, सीआईए प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप की अगुवाई में टीम को सूचना मिली थी कि मकान में बिक्री के लिए पटाखे रखे गए हैं। छापेमारी के दौरान आरोपी कमरे के पास मिला। तलाशी में पटाखे बरामद हुए। आरोपी पटाखे रखने का लाइसेंस या परमिट नहीं दिखा सका। पुलिस ने चीका थाना में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नौकरी दिलाने के नाम पर 2.41 करोड़ की ठगी, पांच पर केस

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने हरियाणा में सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ग्रामीणों से कथित तौर पर 2.41 करोड़ रुपये की ठगी के मामले में पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। आरोपियों ने खुद को आरएसएस के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपराष्ट्रपति का रिश्तेदार बताकर लोगों को झांसे में लिया था। सीबीआई ने यह शिकायत हरियाणा के पानीपत निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर दर्ज की। सीबीआई के अनुसार, अगस्त 2023 में शुरू हुए इस गिरोह ने एफसीआई में सुपरवाइजर, क्लर्क और चपरासी की नौकरी दिलाने के नाम पर क्रमशः 14 लाख, 12 लाख और आठ लाख रुपये मांगे। आरोपियों ने फर्जी पहचान-पत्र, ईमेल और नियुक्ति पत्र भेजे। उम्मीदवारों की फर्जी मेडिकल जांच और पुलिस सत्यापन भी करवाया गया।

190 करोड़ के जीएसटी घोटाले में आरोपी डिस्चार्ज

गुरुग्राम। करीब 190 करोड़ रुपये के कथित फर्जी जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) मामले में गुरुग्राम की अदालत ने आरोपी मोहम्मद शमशाद सैफी को आरोपों से डिस्चार्ज कर दिया है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनीष कुमार की अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष प्रथम दृष्टया मामला बनाने के लिए पर्याप्त साक्ष्य पेश नहीं कर सका। आरोप था कि फर्जी कंपनियां बनाकर बिना माल की वास्तविक आपूर्ति के इनवॉइस जारी किए गए और फर्जी आईटीसी हस्तांतरित किया गया। अदालत ने पाया कि अभियोजन का एकमात्र गवाह कथित फर्जी आईटीसी की वास्तविक रकम नहीं जानता था। संबंधित कंपनियों, इनवॉइस और बैंक खातों के दस्तावेज भी साबित नहीं किए गए। 17 अक्टूबर 2026 को अदालत ने आरोपी को आरोपों से डिस्चार्ज कर जमानत बांड समाप्त करने के आदेश दिए।

लॉरेंस गैंग के बदमाश धोलिया को मिली जमानत

- कारोबारियों से रंगदारी मांगने के केस में करीब डेढ़ साल से था जेल में बंद

गुरुग्राम। लॉरेंस गैंग से जुड़े कुख्यात बदमाश अंकित उर्फ धोलिया को गुरुग्राम की अदालत से नियमित जमानत मिल गई है। चरखी दादरी के बाढड़ा क्षेत्र के गांव डांडमा निवासी 30 वर्षीय धोलिया पर हत्या, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट समेत 20 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज बताए गए हैं। जमीन विवाद में अपने चाचा की हत्या के मामले में भी उसका नाम है। कारोबारियों को जान से मारने की धमकी देकर रंगदारी वसूलने और अवैध हथियार रखने के मामले में वह 31 मार्च 2025 से जेल में बंद था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुदीप गोयल की अदालत ने एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर उसे जमानत देने का आदेश दिया।

बैटरी स्क्रैप व्यापारियों से मारपीट कर 5 लाख लूटे

- जींद में बैटरी की स्क्रैप बेच कर गाड़ी में वापस भिवानी लौट रहे थे दोनों व्यापारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव बीबीपुर के निकट जींद-भिवानी मार्ग पर बीती रात दो कारों में सवार लुटेरों ने दो बैटरी स्क्रैप व्यापारियों के साथ मारपीट कर लगभग पांच लाख रुपये की नगदी को लूट लिया। सदर थाना पुलिस ने स्क्रैप व्यापारी की शिकायत पर अज्ञात सात लोगों के खिलाफ लूट, मारपीट करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव कोट (भिवानी) निवासी राजेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पुरानी बैटरियों के स्क्रैप का काम करता है। वह अपने साथी प्रवीन के साथ बीती रात गाड़ी में बैटरी स्क्रैप भर कर लाया था। उन्होंने हांसी रोड प्लाट नंबर 17 में स्क्रैप को बेच दिया। बेची गई स्क्रैप राशि चार लाख 98 हजार 600 मिले। उन्होंने राशि को पॉलीथिन में डाल कर परिचालक की सीट के नीचे टूल में रख दिया। जिसके बाद देर रात को दोनों अपनी गाड़ी से घर लौट रहे थे। जब वे भिवानी रोड पर गांव बीबीपुर के निकट पहुंचे तो पीछे से आई दो गाडिय़ों ने रास्ता रोक लिया। दोनों गाडिय़ों में सात लोग थे। एक युवक ने उनकी गाड़ी की चाबी निकाल ली और उसे थप्पड़ मारा। उसी दौरान दूसरे युवक ने उसके साथी प्रवीण को नीचे उतार लिया और बिंडों से हमला कर दिया। जिसके बाद आरोपितों ने गाड़ी की तलाशी लेते हुए राशि को निकाल लिया और राशि लेकर धमकी देते हुए फरार हो गए। जिसकी सूचना डायल 112 को दी गई। पुलिस ने संदिग्ध कार सवारों को तलाशा की कोई सुराग नही लगा। राजेश की शिकायत पर सात अज्ञात लोगों केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सोनीपत खाना खाने आ रहे थे तीनों दोस्त, रेलवे रोड के पास हादसा

कार ने बाइक को मारी टक्कर एक युवक की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मुरथल में दोस्त के कमरे पर पार्टी करने के बाद खाना खाने के लिए सोनीपत के कच्चे क्वार्टर की तरफ आ रहे तीन दोस्तों की बाइक को तेज रफ्तार सफेद कार ने टक्कर मार दी। हादसा सुभाष चौक से करीब 500 मीटर पहले रेलवे रोड के पास हुआ। टक्कर लगते ही बाइक का संतुलन बिगड़ गया और तीनों युवक उछलकर सड़क पर जा गिरे। हादसे में अमन कुमार (25) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि विवेक श्रीवास्तव और रिशु कुमार घायल हो गए। आरोप है कि टक्कर मारने के बाद कार चालक कुछ सेकंड के लिए रुका और फिर मौके से फरार हो गया। हादसे की सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है, जिसमें बाइक कार की साइड से टकराती और तीनों युवकों को सड़क पर गिरते देखा जा सकता है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले के नौनेर गांव निवासी विवेक श्रीवास्तव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कृष्णा मारुति कंपनी में काम करता है। 17 अक्टूबर की देर रात करीब एक बजे वह अपने दोस्तों रिशु कुमार और अमन कुमार के साथ बाइक पर मुरथल से सोनीपत आ रहा था। रेलवे रोड के पास तेज रफ्तार सफेद कार ने उनकी बाइक को साइड से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। विवेक के अनुसार, हादसे के बाद उसने दोनों साथियों को संभाला। रिशु के सिर में चोट लगी थी, अमन की मौके पर ही मौत हो गई। घायल विवेक और रिशु की चिकित्सकीय जांच करवाई गई।


मृतक अमन कुमार एवं घायल हुए विवेक एवं रिशु।

राशिफल

मेष परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

वृष कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

मिथुन लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

कर्क सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान-सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।

सिंह कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

कन्या आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।

तुला व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।

वृश्चिक पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

धनु जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान-सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।

मकर व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

कुंभ नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

मीन शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

दुआ भी तकदीर बदल देती है
तांत्रिक मास्टर किंग का एलान
भटको चाहे जिधर काम होगा इधर
2 घंटे में समाधान

प्रेम विवाह, सौतन-दुश्मन से छुटकारा, पति-पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा, रूठे को मनाना, नौकरी, कारोबार में बाधा आदि।
स्पेशलिस्ट वशीकरण, मूठकरनी
मियां मलिक जी
9711428545
सारे इल्मों के माहिर

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

शब्द पहेली - 6382



बाएँ से दाए-
1. ईश्वर, करतार-3
3. मुस्कुराहट-3
5. ईख-2
6. रजनीगंधा -2, 1,2
9. समुद्र तट (अंग्रेजी-2)
11. ताकत, दम-2
12. अमिताभ व किमी काटकर की फिल्म-2
13. वेतन, पगार-3
16. मनोनीत, नामकृत-3
18. बंधक, गिरवी वस्तु-3
20. निशा, रात्री-3
22. वचन, प्रतिज्ञा-3
23. श्रीनगर की झील-2
24. मूल्य, कीमत-2
25. असावधान-3
28. धिक्कार, फटकार-3
30. हवा, पवन-3
31. झाझर, कुंभ-3
33. चिंतन-3
35. संस्कृत में मेरा-2
36. मादा का विलोम-2
38. कुबेर, भूत-2
40. परोपकारी, जितेंद्र की एक फिल्म-5
41. फलों का राजा-2
42. फूल चुननेवाली-3
43. घोड़ों की देखभाल करनेवाला-3

ऊपर से नीचे
1. तमिल भाषा में बड़ा भाई-2
2. बेकार-3
3. दीवान, खजांची-3
4. पैगंबर, रसूल-2
5. झूठ, मिथ्या -3
7. तेल में पकाना-3
8. आराम, मदद-3
10. गुलिस्ता-3
14. नरकभोगी-5
15. खुजली-2
17. सखा, दोस्त-2
18. मजा, आनंद-2
19. स्वदेशवासी-5
21. सुई (अंग्रेजी-3)
22. विष्णुप्रिया-3
26. पुनः, वापस-2
27. मर्करी, पारद-2
29. भीगा हुआ-2
30. वक्त, टाईम-3
31. अच्छी बुद्धि-3
32. निम्नता-3
34. मुलायम-3
35. बड़ा, विशाल-3
37. धनवान-3
39. माफी-2
41. उम्मीद-2

शब्द पहेली -6381 का हल

का		बु	आ		द		स	खत		मु
र	क्त		कु	क	र	मु	त्ता		जा	ला
तू		म	ल		मि		धी	र		य
स	क्रि	य	ता		या		श	ब	न	म
	या				न				या	
रा	शी	क	र	ण		भा	र	ही	न	ता
	ल				टी				वे	
री	ता	प	न		ना		न	ह	ला	ना
ई		स	जा		मु		का	म		का
ब	लि		क	हा	नी	का	र		छ	वि
सं		गी	त		म		ना	नी		ल



खबर संक्षेप

21 को मनाया जाएगा राष्ट्रीय पुलिस झंडा दिवस

नई दिल्ली। भारत में 21 अक्टूबर को पहली बार आधिकारिक तौर पर 'पुलिस झंडा दिवस' मनाया जा सकता है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह दिवस 1949 से सैनिकों के सम्मान में मनाए जाने वाले सशस्त्र सेना झंडा दिवस की तर्ज पर होगा। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय आने वाले दिनों में इस संबंध में नियमों की अधिसूचना जारी कर सकता है। इसका उद्देश्य देश की आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने के लिए ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवाने वाले और सेवा में कार्यरत पुलिसकर्मियों का सम्मान करना है।

इंदौर में 150 करोड़ से बन रहा होलकर स्मारक

इंदौर। मध्यप्रदेश सरकार इंदौर के पूर्व होलकर राजवंश की शासक देवी अहिल्याबाई होलकर की जीवनगाथा को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए शहर में करीब 150 करोड़ रुपये की लागत से स्मारक विकसित कर रही है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री मोहन ने शहर के लालबाग पैलेस के पास निर्माणाधीन स्मारक के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने लालबाग पैलेस, रामपुर कोठी, चंपा बावड़ी और शिव मंदिर को स्मारक की एकीकृत विकास योजना में शामिल करने के निर्देश दिए।

अभाविप ने लखनऊ में निकाली छात्र हुंकार रैली

लखनऊ। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने 'अराजकता छोड़ो, लोकतंत्र अपनाओ' के आह्वान के साथ रविवार को यहां छात्र हुंकार रैली निकाली। लखनऊ विश्वविद्यालय से हजरतगंज स्थित गांधी चौक तक निकाली गई इस रैली में विद्यार्थियों और अभाविप कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने के प्रयासों के खिलाफ एकजुटता का संदेश दिया।

अंकिता केसः कांग्रेस कार्यकर्ता हिरासत में

नई दिल्ली । दिल्ली पुलिस ने उत्तराखंड में 2022 में 19 वर्षीय अंकिता भंडारी की हत्या के मामले में निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर रविवार को यहां पटियाला हाउस अदालत के बाहर प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस के कई कार्यकर्ताओं और अन्य प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया। प्रदर्शनकारियों ने मामले में एक कथित रवीआईपीर की संलिप्तता की निष्पक्ष जांच की मांग की है; आरोप है कि इस व्यक्ति ने ऋषिकेश के पास वनंतरा रिसॉर्ट में 'रिसेप्शनिस्ट' के तौर पर काम करने वाली भंडारी से अनुचित लाभ की मांग की थी।

झारखंड में चिकित्सकों का कार्य बहिष्कार टला

रांची (भाषा)। झारखंड में सरकार से आश्वासन मिलने के बाद चिकित्सक संगठनों ने 22 अक्टूबर से प्रस्तावित अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार को रविवार को स्थगित कर दिया। कम से कम आठ चिकित्सक संगठनों ने 27 सितंबर को चरणबद्ध आंदोलन शुरू करने का फैसला किया था। उनकी प्रमुख मांगों में छोटे अस्पतालों और एकल चिकित्सक या चिकित्सक दंपति द्वारा संचालित 'क्लीनिक' को नैदानिक प्रतिष्ठान अधिनियम के कुछ प्रावधानों से छूट देना और चिकित्सा सुरक्षा अधिनियम (एमपीए) लागू करना शामिल है।

बच्चे को बाइक ने मारी टक्कर, पीटकर हत्या

मुजफ्फरपुर (बिहार)। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में मोटरसाइकिल से एक बच्चे को टक्कर लगने के बाद करीब 15 लोगों ने एक युवक की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी। इसके बाद भीड़ ने एक दलित बस्ती में उत्पात मचाया और नौ मकानों में आग लगा दी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार, शनिवार शाम चैनपुर चौक के पास एक बच्चे को मोटरसाइकिल से टक्कर लगने के बाद मोहम्मदपुर खाजे गांव निवासी नवनीत कुमार (20) की लोगों के एक समूह ने कथित तौर पर पिटाई की।

समुद्री अभ्यास कोंकण-2026 संपन्न



नई दिल्ली। भारत और ब्रिटेन के बीच द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास कोंकण-2026 15 अक्टूबर को ब्रिटेन के प्लायमाउथ के निकट संपन्न हुआ। यह अभ्यास 8 से 15 अक्टूबर, तक आयोजित किया गया। इस दौरान भारतीय नौसेना और ब्रिटेन की रॉयल नेवी ने विभिन्न पेशेवर व परिचालन क्षेत्रों में संयुक्त रूप से अभ्यास किया। इस अभ्यास के माध्यम से दोनों नौसेनाओं को आपसी तालमेल बढ़ाने, अनुभव साझा करने और समुद्री सहयोग को मजबूत करने का अवसर मिला। अभ्यास कोंकण-26 में भारतीय नौसेना की ओर से स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस त्रिशूल ने हिस्सा लिया, जबकि ब्रिटेन की रॉयल नेवी ने इयूक-क्लास के पनडुब्बी रोधी युद्धक फ्रिगेट एचएमएस सदरलैंड को तैनात किया।

जासूसी के आरोप में सेना अफसर की पत्नी पर केस

विदेशी खुफिया एजेंट से जानकारी साझा करने का आरोप

भाषा ▶▶| जम्मू

जम्मू में एक सेना अधिकारी की पत्नी के खिलाफ जासूसी से जुड़ी गतिविधियों के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि उसने चीनी खुफिया एजेंट के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े संवेदनशील मुद्दों पर विश्लेषणात्मक दस्तावेज तैयार करने के लिए 'चैटजीपीटी' और 'क्लाउड' जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) टूल्स का इस्तेमाल किया। अधिकारियों के अनुसार, तेलंगाना की रहने वाली आरोपी महिला उच्च शिक्षित है और उसने 2023 में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) के क्षेत्र में इंटर्नशिप की थी और फिलहाल स्वतंत्र शोधकर्ता के रूप में काम कर रही है। उसे गिरफ्तार तो नहीं किया गया है, लेकिन प्राथमिकी दर्ज होने के बाद उससे पूछताछ की गई है और वह जांच एजेंसियों का सहयोग कर रही है।

- पूछताछ के लिए पास के सैन्य स्टेशन ले जाया गया
- महिला का मोबाइल जब्त कर फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा

जांच एजेंसी ने जम्मू तवी रेलवे स्टेशन पर महिला को पकड़ा

महिला को संवेदनशील सुरक्षा, रक्षा और भू-राजनीतिक मुद्दों पर विश्लेषणात्मक लेख तैयार करने का काम सौंपे जाने का आरोप है। इन विषयों में जम्मू-कश्मीर में एलओसी से जुड़ी गतिविधियां, अरुणाचल में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाएं और ड्रोन की तैनाती शामिल हैं। इस मामले में शुक्रवार को जम्मू के गांधी नगर थाने में मामला दर्ज किया गया है। खुफिया सूचना मिलने के बाद केंद्रीय खुफिया एजेंसी और पुलिस की संयुक्त टीम ने 14 अक्टूबर को जम्मू तवी रेलवे स्टेशन पर महिला को उस समय रोका। उसे पूछताछ के लिए पास के एक सैन्य स्टेशन ले जाया गया।

कर्नाटक में आतंकियों से संबंधों के आरोप में एक गिरफ्तारः प्रियांक

कलबुर्गी (कर्नाटक)। कर्नाटक के गृह मंत्री प्रियंक खरगे ने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से आतंकी संगठनों से कथित संबंध रखने के आरोप में यहां एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ जांच जारी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की एजेंसियों और राज्य सरकार के आंतरिक सुरक्षा प्रभाग के संयुक्त अभियान के बाद मूल रूप से कर्नाटक के बाहर के रहने वाले दो युवकों पर संदेह हुआ था। खरगे ने संवाददाताओं से कहा, "केंद्र सरकार और राज्य सरकार के आंतरिक सुरक्षा प्रभाग को सूचना मिली थी कि दो युवक सोशल मीडिया के माध्यम से आतंकवादियों के संपर्क स्थापित कर रहे हैं। संयुक्त अभियान में उन्हें हिरासत में लिया गया।" उन्होंने कहा कि जांच के दौरान पता चला कि उनमें से एक संदिग्ध आतंकी नेटवर्क के लगातार संपर्क में था, जबकि दूसरा किसी के संपर्क में नहीं था।

- आतंकी संगठनों से कथित संबंध रखने के आरोप

गोवा में 'गोय राखोन यात्रा' राहुल ने मोदी, शाह और ज्ञानेश पर बोला हमला

अगर मुझ पर केस किया तो मामला लीगल हो जाएगा

एजेंसी ▶▶| पणजी

गोवा के मडगांव में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने चुनावी व्यवस्था और 'वोट चोरी' के आरोपों को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कांग्रेस को संविधान का रक्षक बताया और कहा कि ज्ञानेश कुमार, गृहमंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पता है कि वे कांग्रेस से बच नहीं पाएंगे। राहुल ने आरोप लगाया कि वोट चोरी के लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय का सामना करना होगा। राहुल गांधी जिस यात्रा में शामिल हुए, वह 22 सितंबर को शुरू हुई थी और 18 अक्टूबर को खत्म हुई। 27 दिन चली इस यात्रा का नेतृत्व कांग्रेस नेता यूरी अलेमाओ और गिरीश चोडनकर कर रहे थे। यात्रा गोवा की सभी 40 विधानसभा सीटों से होकर गुजरी।



'वोट चोरी' के जिम्मेदारों को कीमत चुकानी होगी

इस दौरान, राहुल गांधी ने कहा कि ज्ञानेश कुमार 'वोट चोरी' को लागू करते हैं, जबकि अमित शाह और पीएम मोदी इसमें उनका साथ देते हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस संविधान की रक्षक है. प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और ज्ञानेश कुमार को पता है कि वे कांग्रेस से बच नहीं पाएंगे। उनका कहना है कि,वोट चोरी के लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय का सामना करना होगा और इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।

रिजिजू का निशाना, हिंसा भड़काने की साजिश का आरोप



केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ हो रहे प्रदर्शनों को लेकर विपक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। रविवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए उन्होंने दावा किया कि कुछ नेताओं और भारत विरोधी समूहों ने युवाओं को भड़काकर सड़कों पर हिंसा फैलाने की साजिश रची थी। रिजिजू ने बांग्लादेश की हिंसक घटनाओं और फ्रांस में हुए दंगों, आगजनी व लूटपाट का हवाला देते हुए कहा कि भारत न बांग्लादेश है, न फ्रांस। उन्होंने कहा कि देश में सत्ता परिवर्तन संभव है, लेकिन केवल चुनाव के जरिए। अपने बयान में उन्होंने जॉर्ज सोरोस का भी जिक्र किया और एक वीडियो साझा किया, जिसमें आइसा अध्यक्ष नेहा बोरा और वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण सत्ता परिवर्तन की बात करते दिख रहे हैं।

भाजपा का राहुल पर पलटवार

भारत में सरकारें 'वोट की ताकत' से चुनी व बदली जाती हैं :नकवी



- विपक्ष पर 'सत्ता परिवर्तन' की कोशिश करने का लगाया आरोप
- कुछ राजनीतिक दलों पर 'सत्ता परिवर्तन का जुनून' सवार

नई दिल्ली (भाषा)। भाजपा के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने रविवार को विपक्ष पर 'सत्ता परिवर्तन' की कोशिश करने का आरोप लगाया और कहा कि भारत में सरकारें 'वोट की ताकत' से चुनी व बदली जाती हैं, न कि 'गोलियों की धमकी' से। नकवी ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए दावा किया कि कुछ राजनीतिक दलों पर 'सत्ता परिवर्तन का जुनून' सवार है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 1975-77 के आपातकाल के दौरान के अत्याचारों के दौर को छोड़ दें, तो 18 आम चुनावों और सैकड़ों विधानसभा, पंचायत तथा स्थानीय निकाय चुनावों में लोगों ने अपने जनादेश की ताकत के रूप में 'मतपत्र' को चुना, न कि गोलियों को। नकवी ने कहा कि 'सत्ता परिवर्तन' की कोशिश करने वालों को याद रखना चाहिए कि भारत में सरकारें 'वोट की ताकत' से चुनी और बदली जाती हैं, न कि 'गोलियों की धमकी' से। उन्होंने कहा, ₹आज भी चुनावों के जरिए जनता का जनादेश हमारे जीवंत लोकतंत्र का जुनून और भावना है और यह अब भी मजबूत तथा कायम है। इससे पहले, पिछले सप्ताह केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों की आलोचना करते हुए कहा था कि विपक्ष बांग्लादेश की तर्ज पर सत्ता परिवर्तन करना चाहता है और युवाओं की ऊर्जा का इस्तेमाल 'अराजकता' फैलाने के लिए कर रहा है।

जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में हुई दौड़

एनडीआरएफ अधिकारी ने 56 की उम्र में पूरी की 218वीं मैराथन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के 56 वर्षीय उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) मोहसिन शाहिदी ने रविवार को 'वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन' में अपनी 218वीं मैराथन पूरी की। उन्होंने 21 किलोमीटर की इस दौड़ को एक घंटे 55 मिनट और सात सेकंड में पूरा किया, तथा अब वह और अधिक कठिन चुनौतियों की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। यह दौड़ जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित की गई थी।

शाहिदी ने बताया कि उनकी दौड़ने की यात्रा 1994 में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में शामिल होने के तुरंत बाद शुरू हुई थी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के नीमच में अपने प्रशिक्षण के हिस्से के रूप में, उन्हें सैन्य बलों की शारीरिक दक्षता जांचने वाली कठिन परीक्षा 40 किलोमीटर के 'बैटल फिजिकल एफिशिएंसी टेस्ट' (बीपीईटी) से गुजरना पड़ा था। इसकी शुरुआत सेवा में शामिल होने के साथ हुई थी और जिस पहली मान्यता प्राप्त मैराथन में मैंने भाग लिया, वह 2000 में कोसोवो में संयुक्त राष्ट्र मिशन के दौरान थी, जब मैं भारतीय विशेष पुलिस इकाई का हिस्सा था।''

गोवा आयरनमैन की तैयारी कर रहेः शाहिदी

वहां डेनिश बटालियन पारंपरिक रूप से सर्बियाई पहाड़ियों में 100 किलोमीटर की 'डैनकॉन डेथ मार्च' (अत्यधिक कठिन और चुनौतीपूर्ण सैन्य मार्च) आयोजित करती थी। शाहिदी और उनके एक सहयोगी ने कठिन परिस्थितियों का मुकाबला करते हुए 56 देशों के 197 प्रतिभागियों में पहला स्थान हासिल किया था। उन्होंने यह दौड़ 13 घंटे 15 मिनट में पूरी की थी। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने कहा कि आज की दौड़ के साथ ही मैंने 218 मैराथन पूरी कर ली हैं, जिनमें अफ्रीका और यूरोप की कुछ मैराथन के साथ-साथ लगभग 10 ऐसी अंतरराष्ट्रीय मैराथन शामिल हैं जो वर्चुअल तरीके से पूरी की गईं।'शाहिदी ने कहा कि हम नवंबर में होने वाली गोवा आयरनमैन प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे हैं।'' इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उनकी दौड़ने की यह यात्रा आगे भी जारी रहेगी



जुबीन गर्ग की मौत मामला

सीआईडी दो की जमानत के खिलाफ सुको जाएगी

गुवाहाटी (भाषा)। गायक जुबीन गर्ग की मौत मामले की जांच करने वाले असम के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने रविवार को कहा कि वह सात आरोपियों में से दो को गुवाहाटी उच्च न्यायालय द्वारा जमानत दिये जाने के फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देगा। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मौजूदा छुट्टियों के बाद उच्चतम न्यायालय खुलते ही याचिका दायर की जाएगी। यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीआईडी के विशेष पुलिस महानिदेशक मुन्ना प्रसाद गुप्ता ने कहा, ₹गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने मामला संख्या 18/25 में दो आरोपियों को जमानत दी है। हमने अदालत के आदेशों का अध्ययन किया है और उनका विश्लेषण करने के साथ-साथ कानूनी राय लेने के बाद जमानत के इन आदेशों को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देने का फैसला किया है। उन्होंने हालांकि जमानत के आदेशों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। अदालत में अभी छुट्टियां हैं। इसके दोबारा खुलते ही हम याचिका दायर करेंगे।' गर्ग के चचेरे भाई और उनके बैंड की सदस्य एवं गायिका अमृतप्रभा महंत तथा असम पुलिस के निलंबित उपाधीक्षक संदीपन गर्ग को उच्च न्यायालय से जमानत मिल गई है।



रामलीला में बेकाबू हुआ हाथी

वाराणसी में महावत को हाथी ने पटका

वाराणसी / गोरखपुर (भाषा)। उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले के रामनगर में प्रसिद्ध रामलीला के लिए लाया हाथी अचानक बेकाबू हो गया और उसने महावत को सूंड से उठाकर पटक दिया। पुलिस के अनुसार, गंभीर रूप से घायल महावत को काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। रामनगर थाना प्रभारी निरीक्षक संजय मिश्रा ने बताया कि रामनगर की प्रसिद्ध रामलीला में पारंपरिक रूप से हाथी का इस्तेमाल किया जाता है। उन्होंने बताया कि रामनगर के पंचवटी मैदान में रविवार पूर्वाह्न करीब साढ़े 10 बजे महावत छापलू हाथी को खाना देने गया तभी यह घटना हुई। अधिकारी ने बताया कि हाथी ने महावत को अपनी सूंड से उठाकर जमीन पर पटक दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मिश्रा ने बताया कि महावत को बीएचयू के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि मौके पर मौजूद लोगों में घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने बताया कि हाथी को सुरक्षित तरीके से नियंत्रित करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं और घटना की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग की टीम को भी मौके पर बुलाया जा रहा है ताकि विशेषज्ञों की मदद से हाथी को काबू में किया जा सके।

- हाथी को खाना देने गया तभी हुई घटना, गंभीर बीएचयू ट्रामा सेंटर में भर्ती

राजस्थान के अलवर जिले की घटना

महिला ने कैंची से दो बच्चों की हत्या कर खुदकुशी की

जयपुर। राजस्थान के अलवर जिले में रविवार को एक महिला ने अपने दो नाबालिग बच्चों पर कथित तौर पर कैंची से हमला कर उनकी हत्या कर दी और फिर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, घटना खेरली कस्बे के पास दांतिया गांव में हुई। महिला उषा शर्मा अपनी चार वर्षीय बेटी नंदिनी के घर से बाहर खेलने जाने के कारण नाराज हो गई, जिसके बाद उसने अपने बेटे मुकुल (5) और बेटी पर कैंची से हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार, उषा दोनों बच्चों को एक कमरे में ले गई और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। इसके बाद, उसने बच्चों पर कैंची से हमला किया और खुद को भी घायल कर लिया। पुलिस ने बताया कि बच्चों की चीख सुनकर ग्रामीण महिला के घर पहुंचे और दरवाजा तोड़कर कमरे के अंदर घुसे। वहां उन्हें उषा और उसके दोनों बच्चे घायल अवस्था में मिले। वहीं, घर पर मौजूद उषा की छोटी बहन मनीषा यह दृश्य देखकर घबरा गई और उसने दीवार तथा फर्श पर सिर पटककर खुद को घायल कर लिया। पुलिस ने बताया, ग्रामीण चारों को खेरली के उपजिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मुकुल को मृत घोषित कर दिया। उपचार के दौरान उषा और नंदिनी की भी मौत हो गई।

- चार साल की बेटी के घर से बाहर खेलने पर हो गई थी मां नाराज

हाईकोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ था केस

बीर दविंदर व गोहल से सीबीआई ने की पूछताछ

चंडीगढ़। करप्शन मामले में सीएम भगवंत मान के ओएसडी राजबीर घुम्मन से पूछताछ के बाद अब सीबीआई ने उनके करीबी माने जाने वाले 6 लोगों को पूछताछ के लिए बुलाया है। इनमें नितिन गोहल और बीर दविंदर सिंह से पूछताछ जारी है। इस मामले में जितिन गोहल, बीर दविंदर सिंह, रोमी महाजन, पुष्पिंदर चहल और सतिंदर सिंह शामिल हैं। इससे पहले राजबीर घुम्मन सीबीआई के सामने पेश हो चुके हैं। उनसे छह घंटे तक पूछताछ हुई थी। उन्होंने इस मामले को राजनीतिक से प्रेरित बताया था। उन्होंने कहा था कि सीबीआई ने उन्हें सोमवार को फिर से बुलाया है। जितनी बार सीबीआई बुलाएगी, वह उतनी बार पेश होंगे। जब हमने कुछ किया ही नहीं है, तो डरने की जरूरत नहीं है।" सीबीआई बीर दविंदर सिंह के पिता से पूछताछ कर चुकी है। बीर दविंदर सिंह आप युवा विंग के उपाध्यक्ष हैं। वह पार्टी की ओर से जिला परिषद का चुनाव भी लड़ चुके हैं। हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने 5 अक्टूबर को भ्रष्टाचार के आरोपों में मामला दर्ज किया था। इसमें राजबीर सिंह घुम्मण, नितिन गोहल, जितिन गोहल उर्फ राजा, रोमी राजा महाजन, बीर दविंदर सिंह, आरएस नागरा और अज्ञात सरकारी व निजी अधिकारियों को आरोपी बनाया गया है।

- पंजाब सीएम ऑफिस से जुड़ा कथित करप्शन का पूरा मामला

परिवीक्षाधीन अधिकारी को एनसीबी ने बर्खास्त किया

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने एक परिवीक्षाधीन अधिकारी के आचरण को 'असंतोषजनक' और 'सरकारी कर्मी के लिए अनुपयुक्त' पाए जाने के बाद उसे बर्खास्त कर दिया है। मादक पदार्थों से जुड़े मामलों की जांच करने वाली केंद्रीय एजेंसी ने 29 वर्षीय कनिष्ठ खुफिया अधिकारी विशाल कुंडारा की बर्खास्तगी का आदेश जारी किया था। वह अक्टूबर 2023 में एनसीबी में शामिल हुआ था और उसकी नौकरी के तीन साल भी पूरे नहीं हुए थे। कुंडारा की तैनाती चेन्नई में थी। उसके आचरण पर गौर करने के बाद उसे एनसीबी के गुवाहाटी जोनल कार्यालय में स्थानांतरित कर दिया गया। इसके बाद उसे नागालैंड के दीमापुर स्थित एनसीबी के क्षेत्रीय कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया।

- आचरण को असंतोषजनक व सरकारी कर्मचारियों के लिए अनुपयुक्त' पाने पर कार्रवाई
- कैट की गुवाहाटी पीठ ने कुंडारा की याचिका खारिज कर दी

केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) की गुवाहाटी पीठ ने सितंबर के अंतिम सप्ताह में कुंडारा की याचिका खारिज कर दी। कुंडारा ने एनसीबी के सेवा समाप्ति आदेश को रद्द करने और बहाली की मांग की थी। केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण के आदेश में कहा गया, " हमारी यह राय है कि 30 मार्च 2026 का विवादित सेवा समाप्ति आदेश आवेदक के कामकाज, आचरण और सरकारी सेवा के लिए उसकी समग्र उपयुक्तता के उचित आकलन के बाद जारी किया गया था। यह कानूनी, वैध और लागू नियमों के अनुरूप है।

सीजेआई ने किया लद्दाख हाईकोर्ट बेंच का उद्घाटन

लेह-करगिल को भी मिली हाई कोर्ट की बेंच

एजेंसी ▶▶| जम्मू

केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लोगों के लिए न्याय अब दूर नहीं रहा। भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्य कांत ने रविवार को लेह में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट की नवनिर्मित लद्दाख बेंच का ऐतिहासिक उद्घाटन किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस पीएस नरसिम्हा, जस्टिस अरुण पल्ली, भारत के अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पुष्पेंद्र सिंह भाटी, लद्दाख के उपराज्यपाल वीके सक्सेना और हाईकोर्ट के अन्य न्यायाधीश उपस्थित रहे।

अब न दिल्ली की दूरी, न सफर की मजबूरीः लद्दाख में न्याय की नई सुबह

75 केस लिस्टेड, अब 21 से शुरू होगी सुनवाई

- सालों बाद दूर हुई न्याय की दूरी

हाईकोर्ट प्रशासन के अनुसार लद्दाख बेंच पर मामलों की सुनवाई 21 अक्टूबर से शुरू होगी। इसके लिए कुल 75 मामलों को चिन्हित किया गया है। पहले दिन चीफ जस्टिस पुष्पेंद्र सिंह भाटी और जस्टिस संजय परिहार की खंडपीठ पांच मामलों की सुनवाई करेगी। इसके बाद जस्टिस परिहार गुरुवार और शुक्रवार को एकल पीठ में मामलों की सुनवाई करेंगे।



केंद्र सरकार ने अगस्त में इस बेंच को मंजूरी दी थी और हाईकोर्ट ने 5 अक्टूबर को लेह को बेंच स्थल घोषित किया था। लद्दाख के मुख्य सचिव आशीष कुंद्रा ने इसे पिछले 40 साल में न्यायपालिका के इतिहास की सबसे बड़ी पहल बताया। उन्होंने कहा कि अब लद्दाख के लोगों को रिट याचिका सहित अन्य मामलों के लिए श्रीनगर या जम्मू की लंबी और कठिन यात्रा नहीं करनी पड़ेगी।

लेह और करगिल, दोनों की बराबर की बेंच

जस्टिस कांत ने जोर देकर कहा कि यह बेंच लेह और करगिल दोनों जिलों की समान रूप से है। उन्होंने कहा कि इसका असली मकसद तभी पूरा होगा, जब लद्दाख के हर कोने के लोग इस संस्था को अपना मानने लगेंगे। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट लद्दाख से जुड़े सभी मामलों को एक ही दिन सूचीबद्ध करेगा और वर्चुअल तरीके से उनकी लगातार सुनवाई करेगा। इससे लेह और करगिल बार एसोसिएशन के वकील लद्दाख छोड़े बिना ही सुप्रीम कोर्ट में मामलों की पैरवी कर सकेंगे।

अदालत की पहचान ऊंचाई से नहीं, पहुंच से : जस्टिस कांत ने कहा कि अदालत की असली पहचान उसकी भौगोलिक ऊंचाई से नहीं, बल्कि लोगों तक उसकी पहुंच से होती है। उन्होंने न्याय तक पहुंच बेहतर बनाने के लिए तकनीक और कानूनी सहायता को दो अहम साधन बताया।

चिंतन

धार्मिक उत्सवों में हादसों का जिम्मेदार कौन?

त्योहारों में आस्था और उल्लास के बीच मौत का तांडव आखिर कब थमेगा? कोलकाता के दुर्गा पूजा पंडाल और ग्वालियर में मंदिर के पास हादसे में श्रद्धालुओं की जान जाना व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। हर त्रासदी के बाद जांच, गिरफ्तारी और निलंबन होते हैं, लेकिन हादसों की पुनरावृत्ति रोकने के ठोस उपाय कब होंगे? भारत में त्योहार आस्था, उल्लास और सामाजिक एकता के प्रतीक माने जाते हैं। दुर्गा पूजा के पंडालों से लेकर मंदिरों और धार्मिक सभाओं तक, लाखों लोग श्रद्धा के साथ जुटते हैं। लेकिन जब उत्सव चीख-पुकार और मातम में बदल जाएं, तो सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर इन हादसों का जिम्मेदार कौन है? जवाबदेही किसकी है? कोलकाता और ग्वालियर की हालिया घटनाएं बताती हैं कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर अब भी गंभीर सवाल अनुत्तरित हैं। कोलकाता के चोरबागान दुर्गा पूजा पंडाल में भगदड़ से 19 लोगों की मौत और 25 के घायल होने की खबर बेहद दुःखद है। बारिश के बीच बड़ी संख्या में लोगों का एक साथ पंडाल में प्रवेश करना और संकरे रास्ते में भीड़ का फंस जाना प्रबंधन पर सवाल खड़े करता है। दूसरी ओर, ग्वालियर में शीतला माता मंदिर के पास दर्शन के लिए कतार में खड़े श्रद्धालुओं को बेकाबू ट्रक ने कुचल दिया। इस हादसे में 15 लोगों की मौत और 26 के घायल होने की सूचना है। दोनों हादसों की परिस्थितियां अलग हैं, लेकिन साझा सवाल यही है कि संभावित खतरे को पहले क्यों नहीं पहचाना गया? कोलकाता में भीड़ की क्षमता, प्रवेश-निकास और बारिश के दौरान सुरक्षा इंतजामों की जांच जरूरी है। ग्वालियर में यह पता लगाना होगा कि भारी वाहन उस मार्ग पर कैसे पहुंचा, यातायात नियंत्रण कैसा था और श्रद्धालुओं की कतार सड़क के जोखिम वाले हिस्से में क्यों लगी थी। यह पहली बार नहीं है जब धार्मिक आयोजन मातम में बदले हैं। जुलाई 2024 में उत्तर प्रदेश के हाथरस में सत्संग के बाद मची भगदड़ में 121 लोगों की जान चली गई थी। जनवरी 2022 में वैष्णो देवी मंदिर में भगदड़ से 12 लोगों की मौत हुई। वर्ष 2013 में मध्य प्रदेश के रतनगढ़ मंदिर के पास भगदड़ में 115 लोगों की जान गई थी। हर साल कहीं न कहीं ऐसे हादसे लगातार होते रहते हैं। इसके बावजूद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई ठोस प्रावधान नहीं किए जाते। ऐसे में जरूरत है ऐसी व्यवस्था बनाई जाए, ताकि उत्सवों में लोगों की जान न जा पाए। इसके लिए आयोजनों से पहले स्थल की क्षमता निर्धारित होनी चाहिए। प्रवेश और निकास के रास्ते अलग तथा बाधारहित हों। सीसीटीवी, सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली, प्रशिक्षित सुरक्षाकर्मी, एंबुलेंस और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था अनिवार्य हो। बारिश, आग, बिजली बाधित होने या अचानक भीड़ बढ़ने की स्थिति के लिए वैकल्पिक योजना भी तैयार रहनी चाहिए। प्रशासन और आयोजकों को आयोजन से पहले ही सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त कर लेनी चाहिए। प्रॉपर बैरिकेडिंग हो, श्रद्धालुओं के लाइन में लगने की व्यवस्था हो। पुलिसबल और आयोजकों के वालिंटियर तैनात रहे। संकरे रास्तों में लाइनों की व्यवस्था की जाए। वहीं, आमजन को भी चाहिए कि वह बुजुर्गों और बच्चों को ऐसी भीड़भाड़ भरी जगहों पर ले जाने से बचें। आयोजकों, पुलिस, यातायात विभाग और जिला प्रशासन के बीच जिम्मेदारियां स्पष्ट हों। श्रद्धालुओं को भी धक्का-मुक्की, अफवाह और जल्दबाजी से बचना चाहिए, लेकिन नागरिकों से अनुशासन की अपेक्षा करने से पहले प्रशासन को सुरक्षित व्यवस्था उपलब्ध करानी होगी।

भारत-यूएस आर्थिक संबंधों का संवेदनशील दौर



मुद्दा
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

अमेरिका की ओर से 60 दिनों की टैरिफ राहत भारत के लिए अपने निर्यात हितों को सुरक्षित करने और व्यापार वार्ता को नई दिशा देने का अवसर है। वस्त्र, औषधि, हस्तशिल्प और जेम्स एंड ज्वेलरी जैसे क्षेत्रों से देश की अर्थव्यवस्था के साथ लाखों लोगों की आजीविका जुड़ी है। अमेरिकी बाजार में भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मकता बनाए रखने के लिए भारत को टैरिफ दरें न्यूनतम कराने के उद्देश्य से प्रभावी कूटनीतिक प्रयास करने होंगे। यह राहत भले ही अस्थायी हो, लेकिन इसका रणनीतिक महत्व कम नहीं है। अगले 60 दिनों में भारत के सामने अपने आर्थिक हितों को मजबूती से रखने और बेहतर व्यापार समझौते की राह तलाशने की चुनौती होगी। उम्मीद है कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो का भारत दौरा द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को मजबूती देगा।

यकीनन पिछले कुछ दशकों में वैश्विक भू-राजनीतिक और आर्थिक मानचित्र पर भारत और अमेरिका के संबंध एक अत्यंत महत्वपूर्ण और रणनीतिक साझेदारी के रूप में उभरे थे, लेकिन वर्तमान परिदृश्य में ये संबंध अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई आर्थिक नीतियों, संरक्षणवादी दृष्टिकोण और सख्त टैरिफ रणनीति के कारण एक चुनौतीपूर्ण और संवेदनशील मोड़ पर खड़े दिखाई दे रहे हैं। आज भारत के समक्ष एक तरफ अमेरिकी बाजार में अपने मजबूत निर्यात को सुरक्षित रखने की चुनौती है, तो दूसरी तरफ रूस से रियायती दरों पर अपनी ऊर्जा जरूरतों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने का रणनीतिक संतुलन साधने का दबाव है। इस खींचतान के बीच हालिया अमेरिकी नीतिगत फैसले, वीजा नियमों में अत्यधिक सख्ती, जेनेरिक दवाओं पर प्रस्तावित शुल्क और प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) भारत-अमेरिका संबंधों के भविष्य की एक नई पटकथा लिख रहे हैं।

इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि 1991 के आर्थिक उदारीकरण के बाद से लेकर 2016 तक भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक और आर्थिक संबंधों में एक प्रभावी दौर देखने को मिला। वर्ष 2000 मैं दोनों देशों के बीच वस्तुओं एवं सेवाओं का द्विपक्षीय व्यापार लगभग 6 गुना बढ़कर अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान अमेरिकी बाज़ार में भारतीय आईटी सेवाओं, फार्मास्युटिकल उत्पादों, कपड़ों और रत्नों की मांग में जबरदस्त इजाफा हुआ, जिससे भारत की आर्थिक साख वैश्विक स्तर पर स्थापित हुई। इस आर्थिक प्रगति को 2008 के ऐतिहासिक 'असैन्य परमाणु समझौते' और 2016 में भारत को मिले 'मेजर डिफेंस पार्टनर' के दर्जे से गहरा रणनीतिक बल मिला। रक्षा व्यापार और प्रौद्योगिकियों के हस्तांतरण के नए द्वार खुलने के साथ-साथ भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी यानी आईटी कंपनियों जैसे टीसीएस, इन्फोसिस और विप्रो ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस दौरान एच-1बी वीजा नीति ने भारतीय कुशल पेशेवरों को अमेरिका में कार्य करने और वैश्विक पहचान बनाने के पर्याप्त अवसर प्रदान किए। निवेश के दृष्टिकोण से भी यह दौर बेहद समृद्ध रहा, जहां 2000 से 2016 के बीच माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, जीई, आईबीएम और बोइंग जैसी शीर्ष अमेरिकी कंपनियों ने भारत के तकनीक, इंफ्रास्ट्रक्चर, ऑटोमोबाइल और रक्षा क्षेत्रों में भारी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश यानी एफडीआई किया। साथ ही, भारतीय कंपनियों ने भी अमेरिकी बाज़ार में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। ट्रंप काल में शुरू हुई संरक्षणवादी नीतियों, टैरिफ और वीजा पाबंदियों से ठीक पहले तक दोनों देशों के आर्थिक रिश्ते मुक्त और रणनीतिक सहयोग की मजबूत नींव पर लगातार आगे बढ़ते रहे।

ऐसे में अब अमेरिका से नई आर्थिक संभावनाओं की उम्मीद की जा रही है। हाल ही में 17 अक्टूबर को अमेरिकी प्रशासन द्वारा 'लींडसे ग्राहम अधिनियम' के तहत रूसी तेल खरीदारों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने के कठोर फैसले को 60 दिनों के लिए स्थगित करना भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ी राहत बनकर आया है। मध्य पूर्व के तनाव और यूक्रेन-रूस संघर्ष से उपजे ऊर्जा संकट के बीच अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत की ऊर्जा जरूरतों और स्रोतों के विविधीकरण की सराहना की है। रूस से प्रतिस्पर्धी दरों पर कच्चा तेल खरीदने की इस छूट से भारत में ईंधन की लागत नियंत्रित रहेगी और घरेलू बाजार में महंगाई का दबाव कम होगा। इसके साथ ही, इस फैसले ने टेक्सटाइल, लेदर, जेम्स एंड ज्वेलरी और इंजीनियरिंग सामान जैसे श्रम-गहन क्षेत्रों के भारतीय निर्यातकों तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को अल्पकालिक अनिश्चितता से बचाकर अंतरराष्ट्रीय ऑर्डरों का प्रवाह बनाए रखने में मदद की है।



निसंदेह तेल टैरिफ पर 60 दिनों की राहत के बावजूद, आव्रजन और वीजा नियमों में सख्ती के कारण भारतीय आईटी पेशेवरों, कॉर्पोरेट जगत और चिकित्सा विशेषज्ञों पर संकट गहराता जा रहा है। एच-1बी वीजा पर लगाए गए 1 लाख डॉलर के अतिरिक्त शुल्क को एक वर्ष के लिए बढ़ाने और जांच प्रक्रिया को बेहद सख्त करने से बड़ी भारतीय आईटी कंपनियों के पंजीकरण में 92 प्रतिशत तक की भारी गिरावट दर्ज की गई है, जबकि कुल मंजूर एच-1बी वीजा में भारतीयों की हिस्सेदारी लगभग 71 प्रतिशत है। इसके अतिरिक्त, नौकरी छूटने के बाद मिलने वाले 60 दिनों के वैधानिक ग्रेस पीरियड को खत्म करने का नया प्रस्ताव भारतीय पेशेवरों के लिए गंभीर संकट खड़ा कर सकता है, क्योंकि नौकरी समाप्त होते ही उनका कानूनी गैर-आप्रवासी दर्जा खत्म हो जाएगा और उन्हें तुरंत अमेरिका छोड़कर पुनः आवेदन करने की बाध्यता होगी। अब तकनीकी और श्रम बाजार के अलावा भारत का फार्मास्यूटिकल उद्योग भी अमेरिकी संरक्षणवादी नीतियों की सीधी जद में आ गया है। भारत को वैश्विक स्तर पर रविश्व की फार्मेसीश कहा जाता है और इसकी सस्ती जेनेरिक दवाएं अमेरिकी स्वास्थ्य प्रणाली का एक प्रमुख आधार रही हैं। हालांकि, आयातित जेनेरिक दवाओं पर 1 अगस्त 2026 से लागू चरणबद्ध शुल्क नीति के तहत शुरुआती दो वर्षों में 0 प्रतिशत शुल्क के बाद इसे 2028 में 100 प्रतिशत और 2029 से बढ़ाकर 200 प्रतिशत के उच्चतम स्तर पर पहुंचाने की योजना है। यदि यह नीति पूर्ण रूप से लागू होती है, तो अमेरिकी बाजार में भारतीय दवाओं की कीमतें अत्यधिक बढ़ जाएंगी, जिससे भारत का फार्मा निर्यात बुरी तरह प्रभावित होगा और अमेरिकी नागरिकों के लिए भी स्वास्थ्य देखभाल की लागत कई गुना बढ़ जाएगी। भारत और अमेरिका के बीच जारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता के तहत भारत को सहयोग और व्यापारिक प्रतिस्पर्धा के बीच एक संतुलित और दृढ़ रुख अपनाना होगा। भारत को कृषि, डेयरी और एमएसएमई जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करनी होगी, क्योंकि इन क्षेत्रों से भारत की विशाल आबादी की आजीविका जुड़ी हुई है। इसके साथ ही, औषधियों, वस्त्र, हस्तशिल्प और जेम्स एंड ज्वेलरी पर अमेरिकी टैरिफ दरों को शून्य या न्यूनतम स्तर पर लाने के लिए भारत को कड़ा मोलभाव करना होगा, ताकि भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिलता रहे। अंततः, अमेरिका द्वारा मिली 60 दिनों की यह राहत भले ही अस्थायी और अल्पकालिक हो, लेकिन यह भारत के लिए महज एक सांकेतिक छूट नहीं है। यह 60 दिनों का समय भारत को अपनी वैश्विक निर्यात स्थिति, रणनीतिक विकल्पों और कूटनीतिक वार्ताओं को नए सिरे से संजोने का एक बहुमूल्य अवसर प्रदान करता है। उम्मीद करें कि अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के भारत दौरे से भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता और आर्थिक साझेदारी को गति देने की दिशा में एक सकारात्मक पहल होगी।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

दुर्गा अष्टमी
बाल मुकुन्द ओझा



कन्या पूजन : नारी शक्ति की आराधना का महापर्व

शारदीय नवरात्रि की अष्टमी को महा अष्टमी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा होती है। कहते हैं नवरात्रि के आठवें दिन जो भी भक्त मां की सच्चे मन से आराधना करता है उसके सारे दुख दूर हो जाते हैं और उसके जीवन में सब मंगल ही मंगल होता है। देवी के इस स्वरूप का रंग अत्याधिक गोरा है इसलिए उन्हें महागौरी के नाम से जाना गया है। कन्या पूजन कोई अष्टमी को करता है तो कोई नवमी के दिन। इस बार कन्या पूजन 19 अक्टूबर को करें। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार जब महागौरी की उत्पत्ति हुई उस समय उनकी उम्र आठ साल थी इसलिए इनकी पूजा अष्टमी के दिन की जाती है। ये सुख और शान्ति की देवी भी कहलाती है। माँ दुर्गा की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। इनकी शक्ति अमोघ और फलदायिनी है। नवरात्रि में आठवें दिन महागौरी की पूजा की जाती है। इनका रूप पूर्णतः गौर वर्ण है। इनकी उपमा शंख, चंद्र और कुंद के फूल से दी गई है। देवी दुर्गा के नौ रूपों में महागौरी आठवीं शक्ति स्वरूपा हैं। महाष्टमी के दिन मां महागौरी की आराधना करने से सुख और समृद्धि के साथ सौभाग्य की प्राप्ति होती है। भक्तों के सभी दुख दूर हो जाते हैं, वह पापमुक्त हो जाते हैं। महागौरी की चार भुजाएं होती हैं। जिसमें से दो भुजाओं में उनके शस्त्र होते हैं और दो भुजाएं आशीर्वाद देती हुई प्रतीत होती हैं। इनका वर्ण सफेद और देखने में अत्यंत सुन्दर है, इसीलिए इनका नाम महागौरी है। इनकी सवारी एक सफेद बैल है और इनके वस्त्र भी सफेद हैं। अष्टमी की तिथि के दिन महागौरी मां दुर्गा की पूजा से भक्तों के सभी तरह के पाप और कष्ट दूर हो जाते है। प्राचीन कथा के अनुसार जब देवी सती भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने हेतु तपस्या में लीन थीं, तो उनके सम्पूर्ण शरीर पर मिट्टी जम गयी थी। कठोर तपस्या के कारण माता का शरीर काला पड़ गया था। अंततरू देवी की तपस्या से प्रसन्न होने के पश्चात्क भगवान शिव उन्हें स्वीकार करते हैं। उस समय देवी सती ने जब गंगा जल में स्नान किया तब वह विद्युत के समान अत्यंत कांतिमान गौर वर्ण की हो जाती हैं। तब देवी के इस स्वरूप को भगवान शिव ने महागौरी का नाम दिया। नवरात्रि के आठवें दिन मां महागौरी की पूजा करने से सभी पाप धुल जाते है। जिससे मन और शरीर हर तरह से शुद्ध हो जाता है। देवी महागौरी भक्तों को सदमार्ग की ओर ले जाती है। इनकी पूजा से अपवित्र व अनैतिक विचार भी नष्ट हो जाते हैं। देवी दुर्गा के इस सौम्य रूप की पूजा करने से मन की पवित्रता बढ़ती है। जिससे सकारात्मक ऊर्जा भी बढ़ने लगती है। देवी महागौरी की पूजा करने से मन को एकाग्र करने में मदद मिलती है। इनकी उपासना से सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। हमारी धार्मिक परंपरा में नारी को शक्ति का स्वरूप माना गया है। मां दुर्गा को आदिशक्ति के रूप में पूजा जाता है और छोटी कन्याओं में भी देवी के स्वरूप की कल्पना की जाती है। इसी आस्था के कारण नवरात्रि के अंत में कन्या पूजन किया जाता है। नवरात्रि के दसों दिन कुवारी कन्या भोजन कराने का विधान है परंतु अष्टमी के दिन का विशेष महत्व है। इस दिन महिलाएं अपने सुहाग के लिए देवी मां को चुनरी भेंट करती हैं। देवी गौरी की पूजा का विधान भी पूर्ववत है अर्थात जिस प्रकार सप्तमी तिथि तक आपने मां की पूजा की है उसी प्रकार अष्टमी के दिन भी देवी की पंचोपचार सहित पूजा करें। महाष्टमी मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की आराधना, आत्मशुद्धि और सुख-समृद्धि की कामना का पावन पर्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां महागौरी की पूजा से भक्तों के कष्ट दूर होते हैं और जीवन में सकारात्मकता का संचार होता है। इस दिन कन्या पूजन कर छोटी बालिकाओं में देवी शक्ति के स्वरूप का सम्मान किया जाता है। यह परंपरा नारी शक्ति के प्रति श्रद्धा, सम्मान और सेवा का संदेश देती है। महाष्टमी का वास्तविक महत्व केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं, बल्कि मन की पवित्रता, सदाचार, करुणा और अच्छे कर्मों को जीवन में अपनाने में भी निहित है।



(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

कैसे चेतना को विस्तृत करता है योग?



संकलित
दर्शन

योग के आठ अंग हैं और उनमें से मात्र एक अंग है शारीरिक मुद्राएं या आसन। योग मात्र व्यायाम नहीं है, इसमें मुख्य बात मन की समरसता को बनाए रखना है। जब आप कोई भी कार्य सजगता से करते हैं, तब आप इस बात के प्रति सजग होते हैं कि आप क्या कह रहे हैं। यही आपको योगी बनाता है। योग के प्रतिपादक पतंजलि ने बताया है कि योग का उद्देश्य दुख को आने से पहले ही दूर कर देना है। लालच, क्रोध, जलन, घृणा, निराशा आदि नकारात्मक भावनाओं को योग से मिटाया जा सकता है। जब आप खुश होते हैं, तब आप अपने भीतर एक विस्तार की भावना का अनुभव करते हैं। विफलता या अपमान की स्थिति में लगता है कि हमारे भीतर कुछ सिकुड़ गया है। इस पर ध्यान देना ही योग है, जिसका हमारे खुश हो जाने पर विस्तार होता है और जो हमारे दुखी हो जाने पर सिकुड़ जाता है। मन की इस स्थिति को परिवर्तित करने का रहस्य योग में है। यह आपको स्वतंत्र बनाता है। अपनी ही भावनाओं के द्वारा पीड़ित होने के बजाय आप जिस समय जैसा महसूस करना चाहते हैं, योग उसके लिए आपको शक्ति प्रदान करता है। योग निश्चित रूप से आपको अधिक जिम्मेदार बनाता है, क्योंकि योग से आपके भीतर ऊर्जा एवं उत्साह उत्पन्न होता है। आप तब जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते हैं, जब आप थके हुए और तनावग्रस्त होते हैं। यदि आपने अपनी थकान और तनाव को संभाल लिया, तब आप निश्चित रूप से अधिक जिम्मेदारी उठाएंगे और आपके भीतर हल्कापन भी बना रहेगा।

सेवा का समर्पण भाव



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक राजा भोजन कर रहा था, अचानक खाना परोस रहे सेवक के हाथ से थोड़ी सी सब्जी राजा के कपड़ों पर छलक गई। राजा की त्यौरियां चढ़ गयीं। जब सेवक ने यह देखा तो वह थोड़ा घबराया, लेकिन कुछ सोचकर उसने प्याले की बची सारी सब्जी भी राजा के कपड़ों पर उड़ेल दी। अब तो राजा के क्रोध की सीमा न रही। उसने सेवक से पूछा, तुमने ऐसा करने का दुस्साहस कैसे किया? सेवक ने अत्यंत शांत भाव से उत्तर दिया, महाराज! पहले आपका गुस्सा देखकर मैनें समझ लिया था कि अब जान नहीं बचेगी। लेकिन फिर सोचा कि लोग कहेंगे की राजा ने छोटी सी गलती पर एक बेगुनाह को मौत की सजा दी। ऐसे में आपकी बदनामी होती। तब मैनें सोचा कि सारी सब्जी ही उड़ेल दूं। ताकि दुनिया आपको बदनाम न करे। और मुझे ही अपराधी समझे। राजा को उसके जबाव में एक गंभीर संदेश के दर्शन हुए और पता चला कि सेवक भाव कितना कठिन है। जो समर्पित भाव से सेवा करता है उससे कभी गलती भी हो सकती है फिर चाहे वह सेवक हो, मित्र हो, या परिवार का कोई सदस्य, ऐसे समर्पित लोगों की गलतियों पर नाराज न होकर उनके प्रेम व समर्पण का सम्मान करना चाहिए। बिना सोचे समझे पहले ही किसी पर अपनी नाराजगी जाहिर करना ठीक नहीं।

अंतर्मन



आज की पाती

कंजक पूजा ही नहीं उनका सम्मान भी करें

हमारा देश देवभूमि है। यहां लगभग प्रतिदिन परमात्मा के साथ जुड़ने के लिए कोई न कोई पर्व और त्योहार मनाए जाते हैं। आजकल हमारे देश में नवरात्र का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। नवरात्र में जगत जननी से मनोवांछित फल प्राप्त करने के लिए लोग व्रत रखते हैं और भक्ति करते हैं। माता दुर्गा के हमारे देश में बहुत से मंदिर भी हैं। नवरात्र में उन मंदिरों में काफी श्रद्धालु जाते हैं। जो भी भक्त माता रानी की सच्चे दिल से पूजा अर्चना करता है, उसके सभी रोग, कष्ट और अन्य सभी दुख मिट जाते हैं। लेकिन दुर्गा माता को प्रसन्न करने के लिए हमें लोभ, लालच, मोहमाया आदि विकारों से दूर रहना चाहिए। साथ ही हम कंजकों का पूजन जरूर करें, लेकिन उनका सम्मान करना भी हमें सीखना होगा। -*बबीता रानी, रोहतक*

ट्रेंड

पैरा-एथलीटों पर गर्व



एशियन पैरा गेम्स 2026 की शुरुआत आइची-नागोया में हो रही है। इस अवसर पर मैं भारतीय दल को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। भारत को पैरा-एथलीटों पर अपार गर्व है। उनका साहस, समर्पण और जज्बा 140 करोड़ भारतीयों को प्रेरित करता है। -**नरेंद्र मोदी, पीएम**

खामियाजा भुगतना पड़ेगा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य निर्वाचन आयुक्त की 'रातों की नींद उड़ी हुई है'। उन्हें हर हाल में न्याय के कटघरे में लाया जाएगा और 'वोट चोरी' का खामियाजा भुगतना पड़ेगा।
-**राहुल गांधी,** कांग्रेस सांसद

अराजकता फैला रहा विपक्ष



'भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में मुख्य विपक्षी दल का सड़क पर विरोध प्रदर्शन के जरिए सत्ता परिवर्तन की बात करना बेहद आपत्तिजनक है। उन्हें पता होना चाहिए कि जहां भी ऐसी घटनाएं हुई हैं, वहां विदेशी ताकतों ने उन्हें प्रायोजित किया है और उससे अराजकता फैली है।'
-**चिराग पासवान,** केंद्रीय मंत्री

खतरनाक साजिश रची



भारत विरोधी गिरोहों और कुछ नेताओं ने युवाओं को भड़काने तथा सड़कों पर हिंसा फैलाने की यहां ठीक वैसी 'साजिश' रची, जैसी पहले फ्रांस एवं बांग्लादेश की हिंसक घटनाओं के लिए रची गयी थी। ऐसी "खतरनाक साजिश" रचने वाले लोग यह भूल गए कि भारत न तो बांग्लादेश है और न ही फ्रांस। -**किरेन रीजीजू,** केंद्रीय मंत्री

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

करंट अफेयर

अब तस्वीर से हृदय रोग का पता लगा सकता है एआई



चेहरे और जीभ की तस्वीरों के आधार पर तैयार एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रणाली ने एक छोटे परीक्षण में कोरोनरी हृदय रोग (सीएचडी) से पीड़ित प्रत्येक मरीज की सटीक पहचान की। चीन में किये गए एक नये अध्ययन में यह बात सामने आई है। प्रत्येक व्यक्ति के चेहरे और जीभ की तस्वीरें एक विशेष रूप से तैयार किए गए स्कैनिंग प्रणाली की मदद से ली गईं। तस्वीरों का विश्लेषण 'डीप लर्निंग' तकनीक के जरिए किया गया। यह एआई की एक तकनीक है, जो तस्वीरों में मौजूद विशेषताओं को पहचानना सीखती है। 'डीप लर्निंग' एआई और 'मशीन लर्निंग' का एक उन्नत हिस्सा है। यह तकनीक कंप्यूटर और मशीनों को मानव मस्तिष्क की तरह सोचने, समझने और डेटा से खुद सीखने योग्य बनाती है। इस प्रणाली ने पहले जीभ और चेहरे की तस्वीरों का अलग-अलग विश्लेषण किया। इसके बाद, दोनों से प्राप्त जानकारियों को मिलाकर यह अनुमान लगाया कि किन लोगों को सीएचडी है। दोनों तस्वीरों से मिली जानकारियों का संयुक्त रूप से इस्तेमाल करने पर परिणाम, किसी एक तस्वीर के आधार पर किए गए विश्लेषण की तुलना में बेहतर रहे। सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले संस्करण ने 104 लोगों पर किए गए परीक्षण में 98 प्रतिशत सटीकता हासिल की।

ऑफ बीट

महा अष्टमी पर काठमांडू के दुर्गा मंदिरों में भीड़ उमड़ी



नेपाल में 10-दिवसीय बड़ा दशईं त्योहार के आठवें दिन महा अष्टमी के मौके पर रविवार को काठमांडू घाटी में देवी दुर्गा को समर्पित मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। नेपाल में हिंदू समुदाय के लिए महा अष्टमी का विशेष धार्मिक महत्व है। इस दिन वे देवी के महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वती स्वरूपों की पूजा-अर्चना करते हैं, जो क्रमशः शक्ति, धन और ज्ञान से जुड़ी हुई हैं। बड़ा दशईं नेपाल का सबसे बड़ा हिंदू त्योहार है। इस दौरान देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है, जिन्हें सामूहिक रूप से 'नवदुर्गा' कहा जाता है। यह उत्सव दसवें दिन यानी विजयादशमी के मौके पर संपन्न होता है। विजयादशमी के दिन घर के बड़े-बुजुर्ग परिवार के छोटे सदस्यों को सिंदूर, दही और चावल का टीका लगाते हैं तथा आशीर्वाद के रूप में उन्हें 'जमारा' (जौ के अंकुर) देते हैं। गुह्येश्वरी, नक्सल भगवती, भद्रकाली, शोवा भगवती, बिजेश्वरी, इंद्रायणी, रक्तकाली, बज्रयोगिनी और तालेजू भवानी सहित काठमांडू के प्रमुख मंदिरों में रविवार को भारी भीड़ जमा हुई। त्योहार के लिए मंदिरों को रंगीन रोशनी और कागज के झंडों से सजाया गया था। पारंपरिक रीति-रिवाजों के तहत कई मंदिरों में पशु बलि दी गई। कई जगहों पर 'दुर्गा सप्तशती' का पाठ भी किया गया, जो मार्कंडेय पुराण से जुड़ा एक पवित्र ग्रंथ है।

रणजी ट्रॉफी: चंडीगढ़ की टीम महज 41.3 ओवरों में 103 रन बनाकर ऑलआउट

गेंदबाजों के दबदबे के बीच हरियाणा ने चंडीगढ़ पर बनाई 36 रन की बढ़त

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप-डी मुकाबले में हरियाणा की टीम ने चंडीगढ़ के खिलाफ पहले ही दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। मुकाबला चौधरी बंसी लाल क्रिकेट स्टेडियम (लाहली/रोहतक) में खेला जा रहा है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चंडीगढ़ की शुरुआत बेहद खराब रही। हरियाणा के गेंदबाजों ने अनुशासित गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए चंडीगढ़ के शीर्ष और मध्य क्रम के बल्लेबाजों को टिकने का कोई मौका नहीं दिया। चंडीगढ़ की पूरी टीम महज 41.3 ओवरों में 103 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम के बल्लेबाज हरियाणा के पेस अटैक के सामने संघर्ष करते नजर आए और कोई भी बड़ी साझेदारी बनाने में नाकाम रहे। हरियाणा की ओर से अमन, अजीत और अनुज ने तीन-तीन विकेट लिए। जवाब में पहली पारी खेलने उतरी हरियाणा की शुरुआत भी उतार-चढ़ाव भरी रही। चंडीगढ़ के गेंदबाजों ने शुरुआती झटके देकर वापसी की कोशिश की, लेकिन हरियाणा के बल्लेबाजों ने सूझबूझ से पारी को आगे बढ़ाया। पहले दिन के खेल की समाप्ति तक हरियाणा ने 44 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 139 रन बना लिए हैं। इसके साथ ही हरियाणा ने पहली पारी के आधार पर चंडीगढ़ पर 36 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली है। पहले दिन का खेल खत्म होने पर निशांत सिंधु 46 और यशवर्धन दलाल 63 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए है।



छत्तीसगढ़ के खिलाफ खामोश रहा गिल का बल्ला, सिर्फ 1 रन बनाकर लौटे पवेलियन

न्यू चंडीगढ़। भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल की रणजी ट्रॉफी में बहुप्रतीक्षित वापसी निराशाजनक रही। रविवार को नए पीसीए स्टेडियम में छत्तीसगढ़ के खिलाफ पंजाब के दूसरे दौर के एलीट ग्रुप बी मैच में बाएं हाथ के स्पिनर अजय मंडल ने उन्हें सिर्फ एक रन के स्कोर पर क्लीन बोल्ड किया। विहान मल्होत्रा के धर्मेंद्र सिंह जडेजा की ओर से एलबीडब्ल्यू आउट किए जाने के बाद चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए गिल केवल 5 गेंदों तक टिक सके। 27वें ओवर की तीसरी गेंद पर अजय मंडल ने उन्हें छकाया, गेंद सीधी रही और बल्ले और पैड के बीच से निकलकर सीधे मिडिल स्टंप पर जा लगी। 27 वर्षीय गिल ने असम के खिलाफ पंजाब का इस सीजन का पहला मैच नहीं खेला था, लेकिन न्यूजीलैंड दौरे से पहले लाल गेंद क्रिकेट की प्रैक्टिस के लिए वह छत्तीसगढ़ के खिलाफ मैच में खेलने उतरे। हालांकि, गिल टी20 टीम का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन वह न्यूजीलैंड दौरे पर जाने वाली भारतीय टीम में शामिल हैं। इस दौरे में पांच टी20, 5 वनडे और 2 टेस्ट मैच खेले जाएंगे, जो वनडे वर्ल्ड कप 2027 की तैयारियों के लिहाज से बहुत अहम हैं। हालांकि, गिल केवल 3 वनडे मैच ही खेलेंगे और आखिरी 2 मैचों में नहीं खेलेंगे, ताकि वह क्राइस्टचर्च और वेलिंगटन में होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए अच्छी तरह तैयारी कर सकें।

शेफाली वर्मा का अर्धशतक, मंधाना के नाबाद 47 रन, भारत ने जीती शृंखला

- मंधाना की कप्तानी में भारत की लगातार दूसरी जीत
- जिम्बाब्वे को 9 विकेट से हराया

भाषा ⏭रायपुर



भारतीय महिला टीम ने सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (55 रन, 25 गेंद) और कप्तान स्मृति मंधाना (नाबाद 47 रन, 25 गेंद) की पारियों से रविवार को यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में जिम्बाब्वे को 8.5 ओवर में नौ विकेट से हराकर तीन मैच की शृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली।

शेफाली और मंधाना ने पहले विकेट के लिए 96 रन की साझेदारी से भारतीय टीम ने 67 गेंद रहते आसानी से 103 रन के लक्ष्य का पीछा कर लिया। इस तरह मंधाना ने कप्तानी की जिम्मेदारी संभालने के बाद पहली श्रृंखला में जीत से शुरूआत की। शेफाली की पारी में छह चौके और चार छक्के जड़े थे जबकि मंधाना ने छह चौके और दो छक्के जमाए। उन्होंने अपनी पारी के दौरान मिशेल मावुंगा की लगातार तीन गेंदों पर दो चौके और एक छक्का लगाया। शेफाली ने बिलव्ड बिजा पर छक्का जड़कर 24 गेंद में अपना 22वां टी20 अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक जड़ा लेकिन अगली ही गेंद पर वह इस गेंदबाज का शिकार हो गईं। मंधाना ने भी आक्रामक अंदाज बल्लेबाजी करते हुए तेज गेंदबाज नयाशा ग्वानजुरा की लगातार चार गेंदों पर चौके जड़े। उन्होंने ओलिंडर चारे की गेंद पर शानदार छक्का लगाकर मैच समाप्त किया। इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिम्बाब्वे की कम अनुभवी टीम को आठ विकेट पर 102 रन के स्कोर पर रोक दिया।

विश्व मास्टर्स पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप

एकता ने रचा इतिहास जीते तीन स्वर्ण पदक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



भारत की एकता बिश्नोई ने अमेरिका में आयोजित विश्व मास्टर्स क्लासिक पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। यह पहला मौका है जब इस चैंपियनशिप के 'मास्टर्स-2' वर्ग में किसी भारतीय महिला पावरलिफ्टर ने स्वर्ण पदक जीता है। भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) की अधिकारी एकता के लिए सरकारी जिम्मेदारियों के साथ खेल में सक्रिय रहना आसान नहीं रहा। इसके बावजूद उन्होंने अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प से अंतरराष्ट्रीय मंच पर यह उपलब्धि हासिल की। एकता के कोच सुनील कुमार ने बताया कि उन्होंने एकता को वैज्ञानिक और परिणाम-केंद्रित प्रशिक्षण दिया था। प्रतियोगिता के लिए सुनील कुमार को अमेरिका का वीजा नहीं मिल सका। इसके बावजूद एकता ने वीडियो कॉल और टीम अधिकारी बिनु इब्राहिम के माध्यम से उनके मार्गदर्शन में अपनी रणनीति पर अच्छी तरह से अमल किया और ऐतिहासिक सफलता हासिल की। एकता ने कुल 362.5 किलोग्राम वजन उठाकर जापान और कनाडा की खिलाड़ियों को पीछे छोड़ा और स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

शंघाई मास्टर्स के चैंपियन बने फोकिना



शंघाई। एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना ने अपने करियर का सबसे बड़ा खिताब जीता। उन्होंने अपने ही देश के राफेल जोडार को हराकर शंघाई मास्टर्स का खिताब अपने नाम किया। 27 वर्षीय स्पेनिश खिलाड़ी फोकिना एक समय 1-6, 2-3 से पीछे चल रहे थे (एक सेट और एक ब्रेक से पिछड़ रहे थे), लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए 1-6, 7-6 (5), 6-4 से जीत दर्ज की। किझोंग फॉरेस्ट स्पोर्ट्स सिटी एरेना में मिली इस जीत के साथ ही उन्होंने अपनी पहली एटीपी मास्टर्स 1000 ट्रॉफी हासिल की। फाइनल तक पहुंचने के सफर में फोकिना ने तीसरे राउंड में फ्रांसिस टियाफो के खिलाफ एक मैच प्वाइंट बचाया था। इसके अलावा, उन्होंने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ह्यूबर्ट हर्काज और अलेक्जेंडर ज्वेरेव दोनों को हराया था। दो घंटे 28 मिनट तक चले इस मुकाबले में जीत हासिल करके फोकिना ने अपनी तीसरी और अब तक की सबसे बड़ी एटीपी टूर ट्रॉफी जीती।

मिडलर और ओबरलीटनर ने जीता डबल्स का खिताब : ऑस्ट्रियाई जोड़ी लुकास मिडलर/नील ओबरलीट्नर ने रविवार को फ्रांसिस्को कैबाल और जेजे ट्रेसी के खिलाफ 6-3, 6-4 से जीत दर्ज करते हुए शंघाई मास्टर्स डबल्स का खिताब अपने नाम किया। ऑस्ट्रिया की इस जोड़ी ने एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए बगैर कोई सेट गंवाए सभी पांच मैच अपने नाम किए।

मटाटा ने 58 मिनट 52 सेकंड में जीता खिताब

नई दिल्ली। कीनिया के चार्ल्स मटाटा ने नया कोर्स रिकॉर्ड कायम करते हुए रविवार को वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के पुरुष एलीट वर्ग का खिताब अपने नाम किया, जबकि इथियोपिया की वुडिनेश अलेमु महिला वर्ग की चैंपियन बनीं। राष्ट्रीय राजधानी की सड़कों पर इस प्रतिष्ठित दौड़ में करीब 40 हजार लोगों ने हिस्सा लिया। मटाटा ने 58 मिनट 52 सेकंड में दौड़ पूरी कर वर्ष 2020 में इथियोपिया के अमेदेवोर्क वालेलेग्न के बनाए 58 मिनट 53 सेकंड के रिकॉर्ड को एक सेकंड से पीछे छोड़ दिया। यह मटाटा का हाफ मैराथन में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी रहा। उन्होंने इसी साल मई में बनाए गए 59 मिनट 15 सेकंड के अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ समय को पीछे छोड़ दिया।

मेस्सी का फिर चला जादू दागे शानदार दो गोल



अटलांटा। दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी के दो गोल और एक असिस्ट की मदद से इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) मुकाबले में अटलांटा यूनाइटेड को 3-1 से हरा दिया। मेस्सी ने दोनों गोल करने से पहले टीम के शुरुआती गोल का मौका भी बनाया। पहले हाफ के आखिरी क्षणों में जर्मन बेर्टेरामे ने मेस्सी और लुईस सुआरेज की मदद से गोल कर इंटर मियामी का खाता खोला। एमएलएस में अपने शुरुआती 26 मुकाबलों में बेर्टेरामे का यह नौवां गोल था। मेस्सी ने इसके बाद 56वें और 60वें मिनट में लगातार दो गोल दागकर इंटर मियामी की बढ़त 3-0 कर दी। दोनों गोल में बेर्टेरामे ने मदद की अहम भूमिका रही, जबकि मेस्सी के दूसरे गोल में सुआरेज का भी योगदान रहा।



हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28



लाखों लोग सड़कों पर उतरे

अलग-अलग मुद्दों को लेकर फ्रांस, इटली से अमेरिका तक 8 देशों में फैली प्रदर्शन की 'आग'

दुनिया के कई देशों में महंगाई, बेरोजगारी, आवास संकट और सरकारी नीतियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। फ्रांस में राष्ट्रपति चुनाव से पहले जनता का गुस्सा फूट पड़ा है, जहां लाखों लोग सड़कों पर उतरे हैं। बेल्जियम, पुर्तगाल, इटली, अल्बानिया, तुर्किए, अर्जेंटीना और अमेरिका में भी अलग-अलग मुद्दों को लेकर प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया के कई देशों में असंतोष और गुस्से का एक नया दौर देखने को मिल रहा है। भारत से लेकर यूरोप और अमेरिका तक जगह-जगह बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। सरकार की नीतियों के खिलाफ जनता सड़कों पर उतर आई है। फ्रांस, इटली,और अल्बानिया से लेकर अर्जेंटीना और तुर्किये तक, लोग महंगाई, बेरोजगारी, आवास संकट को लेकर जोरदार प्रदर्शन कर रहे हैं। फ्रांस और अल्बानिया में सरकार विरोधी प्रदर्शनों की वजह से बड़ी चुनौतियां खड़ी हो गई हैं। फ्रांस में राष्ट्रपति चुनाव से ठीक पहले जनता का गुस्सा फूट पड़ा है।


उच्च शिक्षा नीति के खिलाफ अर्जेंटीना में पुलिस से झड़प करते प्रदर्शनकारी।


रोजगार के मौकों की कमी को लेकर सड़कों पर उतरेअल्बानिया के छात्र।

अल्बानिया और तुर्किये में सुलगता असंतोष

अल्बानिया में भी छात्र विश्वविद्यालयों की बद्तर स्थिति, पढ़ाई में ज्यादा खर्च और रोजगार के मौकों की कमी को लेकर सड़कों पर उतर आए हैं। तिराना में शिक्षा मंत्रालय के बाहर प्रदर्शन तब हिंसक हो गया, जब छात्रों ने इमारत पर ईंटें और कंक्रीट के ब्लॉक फेंके। उधर, तुर्किये में पिछले महीने पेंशनभोगियों और मजदूर संगठनों ने लगातार बढ़ती महंगाई और अपर्याप्त पेंशन भुगतान के खिलाफ प्रदर्शन किए।

इटली में जोरदार प्रदर्शन

इसी तरह इटली में भी यूरोप के दूसरे हिस्सों जैसे ही हालात देखने को मिल रहे हैं। मिलान में स्थिर वेतन, महंगाई और रोजमर्रा के खर्चों को पूरा करने में आ रही दिक्कतों को लेकर लोगों ने प्रदर्शन किए और झड़पों की खबरें भी सामने आईं।

पुर्तगाल- बढ़ती महंगाई और कम सैलरी के विरोध में मार्च

पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन में हजारों लोगों ने बढ़ती महंगाई, कम सैलरी और सस्ते मकान मिलने में हो रही मुश्किलों के खिलाफ मार्च निकाला। लिस्बन और कई दूसरे शहरों में 2017 के बाद से संपत्ति की कीमतें दोगुनी से ज्यादा हो चुकी हैं, जबकि किराए में भी भारी बढ़ोतरी हुई है।

अर्जेंटीना और अमेरिका में भी विरोध की गूंज

लैटिन अमेरिकी देश अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स में बजट में भारी कटौती करने वाले राष्ट्रपति जेवियर माइली की उच्च शिक्षा नीति के खिलाफ इस हफ्ते की शुरुआत में प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प हो गई। संसद के बाहर हजारों विश्वविद्यालय के छात्रों, कर्मचारियों और ट्रेड यूनियन के सदस्यों का प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा, लेकिन कुछ प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पथराव किया। माइली के सत्ता में आने के बाद से शिक्षा फंडिंग संकट को लेकर ये पांचवां बड़ा विरोध प्रदर्शन है। संयुक्त राज्य अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ 'नो किंग्स' नेटवर्क ने देश भर के शहरों में रैलियां कीं।

फ्रांस भी जला

फ्रांस में इन प्रदर्शनों की दो मुख्य वजहें हैं- एक तरफ जहां बढ़ती महंगाई और ईंधन के दामों को लेकर जनता में आक्रोश है,तो वहीं दूसरी तरफ छात्रों और टीचर स्कूल की बदहाल स्थिति और शिक्षा बजट में कटौती का विरोध कर रहे हैं। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के लिए ये चुनाव उनका कार्यकाल खत्म होने से पहले एक बड़ा इम्तिहान बन गया है।फ्रांस में ये छात्र आंदोलन पिछले महीने पेरिस में स्थानीय स्तर पर शुरू हुआ था।

बेल्जियम में फीस बढ़ाने का विरोध

पड़ोसी देश बेल्जियम में भी कुछ ऐसा ही हाल है। सार्वजनिक खर्चों में कटौती और बढ़ते घरेलू खर्चों के बीच छात्रों ने उच्च शिक्षा और यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रेशन फीस बढ़ाने का विरोध किया है। ब्रसेल्स और लिएज में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई झड़पों के बाद पुलिस को वाटर कैनन का इस्तेमाल करना पड़ा।

आज ताजिकिस्तान जाएंगे रक्षामंत्री राजनाथ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 19-20 अक्टूबर को ताजिकिस्तान के दुशांबे में शंघाई सहयोग संगठन के



शासनाध्यक्षों की परिषद की 25वीं बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह बैठक सदस्य देशों के बीच बहुपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर केंद्रित रहेगी। व्यापार, अर्थव्यवस्था, निवेश, कनेक्टिविटी, और सांस्कृतिक-मानवीय आदान-प्रदान जैसे क्षेत्रों पर विशेष जोर दिया जाएगा।

क्षेत्रीय सहयोग के लिए अवसर

यह बैठक उस समय हो रही है जब वैश्विक स्तर पर आर्थिक अनिश्चितताएं और भू-राजनीतिक चुनौतियां बनी हुई हैं। एससीओ सदस्य देशों के बीच आपसी निर्भरता बढ़ाने और बाहरी दबावों से निपटने का एक मंच उपलब्ध कराता है। भारत के लिए यह मौका है कि वह अपने डिजिटल अनुभव, स्टार्टअप इकोसिस्टम और इंफ्रास्ट्रक्चर विशेषज्ञता को साझा करे। साथ ही मध्य एशियाई देशों के साथ कनेक्टिविटी बढ़ाने के प्रयासों को आगे बढ़ाए।समग्र रूप से राजनाथ सिंह का यह दौरा भारत की बहुपक्षीय कूटनीति और क्षेत्रीय सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। बैठक के नतीजे संगठन की कार्यप्रणाली को और प्रभावी बनाने में मददगार साबित हो सकते हैं। शंघाई सहयोग संगठन मध्य एशिया, दक्षिण एशिया और यूरेशिया के देशों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मंच है इसमें भारत, रूस, चीन, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान सहित कई देश शामिल हैं। शासनाध्यक्षों की बैठक आमतौर पर आर्थिक और व्यावहारिक सहयोग पर फोकस करती है।

रूस यूक्रेन में जंग जारी, हूतियों का अदन पर मिसाइल अटैक

एजेंसी ▶▶ मास्को

रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध में रविवार को बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले हुए। यूक्रेन ने रूस के कई इलाकों में एक हजार से ज्यादा ड्रोन दागे। इस दौरान सेंट पीटर्सबर्ग में तेल निर्यात टर्मिनल और तेल डिपो में आग लग गई। स्थानीय गवर्नर अलेक्जेंडर बेगलोव के मुताबिक, हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और पांच लोग घायल हुए हैं। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने यूक्रेन के रूसी तेल ठिकानों पर हमलों की आलोचना की है और दोनों देशों के बीच ऊर्जा ठिकानों पर हमले रोकने की बात कही थी।



क्या रूस ने भी यूक्रेन पर हमला किया?

रूस ने यूक्रेन के दक्षिणी शहर जापोरिज्जिया पर दो हमले किए। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, इन हमलों में एक महिला की मौत हो गई और कम से कम दो लोग घायल हुए। घायलों में 6 साल की एक बच्ची भी शामिल है। जापोरिज्जिया क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन के प्रमुख मायखाइलो सेमिकिन ने बताया कि हमले में दो अपार्टमेंट इमारतों, 18 कारों और एक शैक्षणिक संस्थान को नुकसान पहुंचा।

भारत के कड़े विरोध के बाद बैकफुट पर जेडी वेंस

वाशिंगटन। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने स्वीकार किया है कि एच-1बी वीजा पर काम करने वाले विदेशी पेशेवरों को बंधुआ मजदूर कहना उनके शब्दों का एक गलत चुनाव था। भारत सरकार और विदेश मंत्रालय द्वारा इस टिप्पणी को बेहद आपत्तिजनक और औपनिवेशिक विरासत की याद दिलाने वाले बताए जाने के बाद वेंस का यह स्पष्टीकरण सामने आया है। टाउन हॉल एक भारतीय-अमेरिकी नागरिक द्वारा पूछे गए सवाल पर जवाब देते हुए वेंस ने अपने शब्दों की जिम्मेदारी खुद ली। उन्होंने कहा, अगर मेरे शब्दों के चुनाव में कोई कमी रही है, तो उसकी जिम्मेदारी मेरी है।



Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options, and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 30th Nov 2026. #Up to 10% Instant Cashback (₹2000 - ₹10000) is available on all HMSI models for EMI transactions made using IDFC Bank Credit Cards (Tenure 6 months to 24 months). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 30th Nov 2026. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

Honda Exclusive Authorized Dealerships: HISSAR: Ashwani Honda - 9992220142; **NARNAUND:** 9996786352; Malik Autos Honda - 8572888882; **HANSI:** Malik Autos Honda - 8572888818; **BARWALA:** Malik Autos Honda - 8572888814; **ADAMPUR:** Malik Autos Honda - 8572888813; **BHIWANI:** MRM Honda - 9992888908; **CHARKHI DADRI:** MRM Honda - 9992888914; **BADHRA:** SS Honda - 9991940444; **TOSHAM:** MRM Honda - 9992888906; **FATEHABAD:** Manjhu Honda - 9992221831; **RATIA:** Avni Honda - 8168871488; **TOHANA:** Bharat Honda - 9728435800; **SIRSA:** Decent Honda - 9996020993; **BAWANI KHERA:** ASR Honda - 7056710107; **ELLENABAD:** R S Honda - 9729542078; **DABWALI:** Decent Honda - 9996688044; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888804; Shri Krishna Honda - 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808; **MAHAM:** RS Honda - 9812746500; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 8607200651; **KANINA:** Suraj Honda - 9466082883; **REWARI:** Shree Honda - 9215059220; **REWARI BYEPASS:** Shree Honda - 7056661424; **BAWAL:** Avtar Honda - 9729130036; **NUH:** Sri Madhav Honda - 8708512346; **DHARUHERA:** Shree Honda - 8689065800; **KOSLI:** Dev Honda - 9996772999; **PALHAWAS:** Krishna Honda - 9992186137; **MAHENDERGARH:** White Feather Honda - 9416574455; **NARNAUL:** BRS Honda - 9050109779; **ATELI:** Shiva Honda - 8053782800; **PANIPAT:** L.K. Honda - 7876767800; Malik Honda - 9382938293; **MADLOUDA:** Puneet Honda - 8813050100; **ISRANA:** Kundu Honda - 9518095430; **KARNAL:** Ess Kay Honda - 9053554321; Rahul Karnal Honda - 9813100005; **ASSANDH:** Raman Honda - 9896678058; **INDRI:** Kalra Honda - 9996909466; **TARAORI:** Navya Honda - 9896939869; **SONEPAT:** Triumph Honda - 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK (SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **GOHANA:** Shirin Honda - 9053922215; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921; **JIND:** S.J Jind Honda - 9350984119; **NARWANA:** Shivam Honda - 9812318005; **SAFIDON:** BRS Honda - 8396989000; **YAMUNANAGAR:** Sal Honda - 9034051285; **ITI CHOWK:** Sal Honda - 8950374020; **KURUKSHETRA:** Arsh Honda - 8053444441; Singla Honda - 9467766711; **LADWA:** Deepak Honda - 9812077382;**PEHOWA:** Chirag Honda - 8330000050; **KAITHAL:** Kaithal Honda - 9991825394; **CHEEKA:** Kaithal Honda - 9541021041; **PUNDRI:** Lakhan Pal Honda - 9416847289; **GHARAUNDHA:** Esskay Honda - 9812136979; **SAMALKHA:** L.K. Honda - 8059900602; **MODEL TOWN (PANIPAT):** L.K. Honda - 8059900603; **SADHOURA:** Shree Ganpati Honda - 8708287839; **RADAUR:** Ganpati Honda - 9896665666; **AMBALA CANTT:** Auto World Honda - 9996311223; **AMBALA CITY:** S.D. Honda - 9992827777; Samrithi Honda - 9053005600; **MAHESH NAGAR:** Auto World Honda - 9896028089; **NARAINGARH:** SD Honda - 9416027672; **BARARA:** Harmilap Honda - 9416494933; **JAGADHARI:** Shiv Shankar Honda - 9355320111; **BILASPUR:** Bakshi Honda - 9934390054; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 9915495288; **BARWALA PANCHKULA:** Aviate Honda - 9815555919; **PINJORE:** Sukhija Honda - 7206111444; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9625268154; **GAUNCHI:** Kabir Honda - 9717967717; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 9311485006; Faridabad Honda - 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda (Sohna Road) - 9773548833; Ganpati Honda - 9910894235; Yume Honda - 9818250011; Malwa Gurugram Honda - 9311980996; **BADSHAHPUR:** Big Swing Honda - 9773548844; **CHAKKARPUR:** Big Swing Honda - 9355990083; **KHANDSA ROAD:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 9910894233; Yume Honda - 9650186777; **SEC-52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222; **SEC-82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **FARUKH NAGAR:** JRV Honda - 9211298103; **HODAL:** Mukund Honda - 8168971032; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056575100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333; **CHANDIGARH:** Krishna Honda - 9855146632; Platinum Honda - 9855155999; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300; **BARWALA:** Aviate Honda - 8199994719; **DERABASSI:** Satkar Honda - 8566024511; **MANIMAZRA:** Krishna Honda - 9646744346; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **ZIRAKPUR:** Platinum Honda - 8725050060; **MOHALI:** Batra Honda - 9875910834; Platinum Honda - 7719619990: **MULLANPUR:** Platinum Honda - 9779996552; **BANUR:** Platinum Honda - 7374071740; **KHARAR:** Batra Honda - 9056709831; **KURALI:** Batra Honda - 9056709833; **BULLOWAL:** Bedi Honda - 8283000673.
For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in